शनिवार, 22 फरवरी 2025

मौसम



तापमान 32 – 22
आर्द्रता 72%
सूर्योदय: 6:05 सूर्यास्त: 17:37

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



रिकलटन का शतक, दक्षिण अफ्रीका 107 रन से जीता

–पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : उम्र कोई भी हो जिंदगी रोज कोई न कोई सबक जरूर सिखाती है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# सिर्फ मातृभाषा ही नहीं, अन्य भाषाओं का भी सम्मान करें : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि लोगों को अन्य भाषाओं के प्रति भी उतना ही सम्मान दिखाना चाहिए, जितना वह अपनी मातृभाषा का सम्मान करते हैं। इस दिन, 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' के अवसर पर देशप्रिय पार्क में आयोजित एक समारोह में ममता बनर्जी ने कहा कि बांग्ला दुनिया में पांचवीं सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और हर बंगाली को इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की मातृभाषा बांग्ला है, उनके लिए बांग्ला भाषा के साथ भावनात्मक लगाव होना स्वाभाविक है, लेकिन हमें अन्य भाषाओं के प्रति भी समान रूप से सम्मान रखना चाहिए। मैं इस अवसर पर हर भाषा के प्रति सम्मान प्रकट कर रही हूं। मुख्यमंत्री ने लोगों के बीच शांति, एकता और सद्भाव का संदेश फैलाने की आवश्यकता पर आधारित अपनी एक कविता भी पढ़ी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि इस दिन एकता, शांति और सद्भाव बना रहे। कार्यक्रम में उप-स्थित एक गणमान्य हस्ती ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति के बारे में बात की, लेकिन मुख्यमंत्री ने यह कहते हुए इससे दूरी बनाए रखी कि इस कार्यक्रम में किसी अन्य देश के बारे में चर्चा नहीं की जानी चाहिए। केंद्र द्वारा बांग्ला को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दिए जाने पर ममता ने कहा कि शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु सहित कई मित्रों की कड़ी मेहनत से हम निर्णायक रूप से साबित कर पाए कि बांग्ला एक हजार साल पुरानी भाषा है। उन्होंने कहा कि बांग्ला के अलावा उनकी सरकार राजबंशी, उर्दू, गोरखा और ओलचिकी जैसी भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है, जिन्हें अब स्कूलों में पढ़ाया जाता है।



## 'बेहद परेशान करने वाली बात', लोकसभा चुनाव में अमेरिकी हस्तेक्षप पर बोला विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव में अमेरिका के हस्तक्षेप पर कड़ी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने वीकली मीडिया ब्रीफिंग में ट्रंप के दावों को बेहद परेशान करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय कोई सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी।

# मेरे जैसे लाखों लोगों को आरएसएस ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 100 वर्ष पहले जिस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का बीज बोया गया था, वह आज एक वट वृक्ष के रूप में भारत की महान संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचा रहा है और यह उनका सौभाग्य है कि उनके जैसे लाखों लोगों को इस संगठन ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि मराठी भाषा अमृत से भी बढ़कर मीठी है और वह इस भाषा को बोलने का प्रयास और इसके नए शब्दों को सीखने की कोशिश निरंतर करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस के कारण ही उन्हें मराठी भाषा और मराठी परंपरा से जुड़ने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है जब छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वर्ष पूरे हुए हैं, जब अहिल्याबाई होल्कर की जयंती का 300वां वर्ष है और कुछ ही समय पहले बाबा साहेब आंबेडकर के प्रयासों से बने देश के संविधान ने भी अपने 75 वर्ष पूरे किए हैं। उन्होंने कहा, ''आज हम इस बात पर भी गर्व करेंगे कि महाराष्ट्र की धरती पर मराठी भाषी एक महापुरुष ने 100 वर्ष पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बीज बोया था। आज ये एक वट वृक्ष के रूप में अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है।'' उन्होंने कहा, ''वेद से विवेकानंद तक भारत की महान परंपरा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक संस्कार यज्ञ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से चला रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मेरे जैसे लाखों लोगों को आरएसएस ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है। संघ के ही कारण मुझे मराठी भाषा और मराठी परंपरा से जुड़ने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ है।'' डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने युवाओं के एक चुनिंदा समूह के साथ वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन आरएसएस की स्थापना की थी। हेडगेवार का जन्म नागपुर में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ। इसका मुख्यालय नागपुर में ही है। आरएसएस को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का वैचारिक संरक्षक माना जाता है। पिछले दिनों राजधानी स्थित झंडेवालान में आरएसएस के पुराने कार्यालय के पुन:निर्माण के बाद उद्घाटन किया गया था। पौने चार एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में फैले नव निर्मित परिसर में तीन 13-मंजिला टॉवर और करीब 300 कक्ष एवं कार्यालय हैं।



# अद्भुत, अलौकिक, भव्य और दिव्य महाकुंभ, स्नान के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**महाकुंभ :** महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ शुक्रवार को फिर उमड़ी। अधिकारियों को उम्मीद है कि वीकेंड से शुरू होने वाली भीड़ महाशिवरात्रि तक रहेगी। महाकुंभ में स्नानार्थियों का रेला अब भी बना हुआ है, लेकिन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ महाकुंभ का भी समापन हो जाएगा। प्रयागराज में विगत लगभग छह हफ्ते से जारी आस्था के महाकुंभ में पावन स्नान करने आ रहे श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने वाले लोगों की संख्या 58 करोड़ से अधिक हो चुकी है।महाकुंभ के श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। संगम में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। संगम की ओर आने जाने वाले रास्तों पर भीड़ है। प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर महाकुंभ 2025 का हिस्सा बनने के लिए श्रद्धालुओं का आना जारी है। मेला 26 फरवरी तक चलेगा।मेले का समापन निकट है फिर भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है। आज भी आस्थावान लोग संगम मे श्रद्धा के साथ डुबकी लगा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि मेले की समाप्ति तक डुबकी लगाने वालों की संख्या 60 करोड़ के पास होगी या पार होगी।



# 'सोशल मीडिया से हटाएं भगदड़ की परेशान करने वाली तस्वीरें-वीडियो'

## सरकार ने 'एक्स' से किया आग्रह

**नई दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' से 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की कुछ फोटो व वीडियो हटाने को कहा है। ये वे तस्वीरें और वीडियो हैं जिनमें महिलाओं की कुछ तस्वीरें, रक्तरंजित करतीं फोटो शामिल हैं। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। सूत्रों के मुताबिक यह निर्देश घटना के एक दिन बाद यानी 16 फरवरी को जारी किया गया। सूत्रों के अनुसार, सोशल मीडिया मंच को फोटो हटाने के लिए 36 घंटे का वक्त दिया गया था। भगदड़ से प्रभावित कुछ परिवारों के सदस्यों ने मंत्रालय से इन तस्वीरों को हटाने अनुरोध किया। इन परिवारों का दावा है कि तस्वीरें और वीडियो मृतकों के प्रति असम्मानजनक हैं तथा जीवित बचे लोगों और उनके रिश्तेदारों के लिए बहुत परेशान करने वाले और आघ-ातकारी हैं। सूत्रों के मुताबिक मंत्रालय को संबंधित व्यक्ति से सिर्फ एक तस्वीर मिली जिसने इसे हटाने का अनुरोध किया। इसके बाद ऐसे और वीडियो/तस्वीरों की पहचान के प्रयास शुरू किए गए। इसमें पाया गया कि कम से कम आधा दर्जन ऐसे वीडियो प्रचलन में थे। रेलवे ने ये सभी तस्वीरें एक्स को भेजकर उससे प्लेटफॉर्म से ऐसी तस्वीरें व वीडियो हटाने को कहा।

# अदाणी विवाद प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तिगत नहीं बल्कि देश का मामला है : राहुल गांधी

**रायबरेली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अदाणी समूह से जुड़े विवाद पर अमेरिकी मीडिया में की गई टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कोई व्यक्तिगत मामला नहीं बल्कि देश से जुड़ा मामला है। रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन लालगंज में एक कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान मीडिया के साथ उनकी बातचीत का उल्लेख करते हुए यह आरोप लगाए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जब मोदी से अदाणी समूह के बारे में चल रहे विवाद के बारे में पूछा गया तो प्रधानमंत्री ने कहा था, '' यह 'एक व्यक्तिगत मुद्दा' था और जब दो देशों के नेता मिलते हैं तो ऐसे मुद्दों पर चर्चा नहीं की जाती है।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, ''मोदी जी यह कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है, यह देश का मामला है।'' राहुल ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी मीडिया से कहा कि उद्योगपति गौतम अदाणी उनके दोस्त हैं, वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनके बारे में कुछ नहीं पूछेंगे। राहुल ने कहा, अदाणी के खिलाफ अमेरिका में भ्रष्टाचार और चोरी का मामला है, और हमारे प्रधानमंत्री क्या कहते हैं, यह एक व्यक्तिगत मामला है और हम इस पर चर्चा नहीं करते हैं! अगर वह वास्तव में भारत के प्रधानमंत्री होते, तो उन्होंने ट्रंप से इस मामले के बारे में पूछा होता और उनसे कहा होता कि वह इसकी जांच कराएंगे और अगर जरुरत पड़ी तो अदाणी को जांच के लिए (अमेरिका) भेजेंगे। लेकिन, उन्होंने कहा कि यह एक व्यक्तिगत मामला है। मोदी ने 14 फरवरी को कहा था कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बैठक के दौरान उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिकी सरकार द्वारा लगाए गए रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा नहीं की। व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में मोदी से पूछा गया कि क्या उन्होंने कथित रिश्वतखोरी योजना में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क की एक अदालत में अदाणी और उनके प्रमुख सहयोगियों पर अभियोग लगाया है, तो इस पर मोदी ने कहा, सबसे पहले, भारत एक लोकतांत्रिक देश है, और हमारी संस्कृति और हमारा विचार दर्शन 'वसुधैव कुटुम्बकम' है। हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। मेरा मानना है कि हर भारतीय मेरा है।



# चीनी ऋण-ऐप मामला: ईडी ने केरल से 2 लोगों को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने चीनी ऐप ''धोखाधड़ी'' ऋण-संबंधी धन शोधन मामले में केरल से दो और गिरफ्तारियां की हैं। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि सईद मोहम्मद और वर्गीस टी जी. को बृहस्पतिवार को ईडी के कोच्चि कार्यालय के अधिकारियों ने हिरासत में लिया। जनवरी में, ईडी ने इस मामले की जांच के तहत सिंगापुर में अवैध रूप से धन भेजने के आरोप में तमिलनाडु से चार लोगों को गिरफ्तार किया था। धन शोधन का यह मामला कुछ पीड़ितों की शिकायतों पर केरल और हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज की गई कई प्राथमिकियों से उत्पन्न हुआ है, जिन्होंने कहा था कि ऋण सुविधा के नाम पर या ब्लैकमेलिंग के जरिए उनसे धन ''जबरन वसूला'' गया था। ईडी के अनुसार, ऋण-ऐप संचालक विभिन्न तरीकों से पीड़ितों से पैसे ऐंठते थे, जैसे कि मासिक किस्तों की अग्रिम मांग करना और ब्लैकमेल करना, ऋण ऐप इंस्टॉल करते समय मोबाइल फोन से हैक किए गए निजी डेटा का उपयोग करना और पीड़ितों की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर बनाये गए फोटो को उनके परिचितों के साथ साझा करने की धमकी देना।

# फडणवीस से मतभेद की खबरों के बीच शिंदे ने कहा: मुझे हल्के में न लें

**नागपुर :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ मतभेद बढ़ने की चर्चा के बीच, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि किसी को भी उन्हें हल्के में नहीं लेना चाहिए, और उन्होंने पूर्ववर्ती महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार को गिराने का परोक्ष रूप से उल्लेख किया। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह उन लोगों के लिए चेतावनी है जो समझने में सक्षम हैं। शिंदे ने कहा कि वह शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे और शिवसेना नेता दिवंगत आनंद दीघे के कार्यकर्ता रहे हैं। शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार गिरने का संभवत: जिक्र करते हुए कहा, ''2022 में मैंने उन लोगों की गाड़ी पलट दी, जिन्होंने मुझे हल्के में लिया था और हम एक नयी सरकार लेकर आए जो लोगों के दिलों में बसी हुई है।'' वह उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना को विभाजित कर और भाजपा के साथ गठजोड़ कर मुख्यमंत्री बने थे। शिवसेना का नेतृत्व कर रहे शिंदे ने कहा, ''डबल इंजन सरकार (शिंदे के नेतृत्व में) पूरी गति से चली और मैंने और देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि हम 200 से अधिक सीटें जीतेंगे। हमने (2024 के विधानसभा चुनावों में) 232 सीटें जीतीं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे हल्के में मत लीजिए। जो लोग इसे समझते हैं, उनके लिए यह संकेत काफी है। मैं अपना काम जारी रखूंगा।'' हालांकि, शिंदे और फडणवीस, दोनों ने इस बात से इनकार किया है कि कोई मतभेद है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों से पता चलता है कि तनाव बढ़ रहा है। पिछले साल के अंत में हुए विधानसभा चुनाव के बाद, शिंदे को (नयी सरकार में) अपनी भूमिका बदलने के लिए सहमत होना पड़ा और पिछली सरकार में उनके डिप्टी (उप मुख्यमंत्री) रहे फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाया गया। राकांपा नेता अदिति तटकरे और भाजपा के गिरीश महाजन को क्रमश: रायगढ़ और नासिक जिलों का प्रभारी मंत्री नियुक्त किए जाने से तनाव की स्थिति पैदा हो गई है क्योंकि शिवसेना नेताओं ने इस पर नाखुशी जाहिर की।




# भारत, बांग्लादेश सीमा बलों के बीच नई 'हॉटलाइन' शुरू करने पर सहमत

**नयी दिल्ली :** भारत और बांग्लादेश ने अपने-अपने सीमा सुरक्षा बलों के उप कमांडरों के बीच एक नया संचार संपर्क स्थापित करने का निर्णय लिया है तथा अपनी साझा सीमा पर बाड़ लगाने के लिए लगभग 99 नए क्षेत्रों की पहचान की है। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच बृहस्पतिवार को यहां संपन्न हुई महानिदेशक स्तर की अर्धवार्षिक बैठक के दौरान इन निर्णयों को अंतिम रूप दिया गया। पिछले वर्ष पांच अगस्त को बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद यह पहली बार था जब दोनों सेनाओं के बीच उच्च स्तरीय बैठक हुई। सूत्रों ने बताया कि 18 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय वार्ता सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न हुई, जिसमें भारतीय पक्ष अपने पड़ोसी को 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा के शेष क्षेत्रों पर बाड़ लगाने के महत्व के बारे में समझाने में सफल रहा। यह सीमा पूर्वी छोर पर पांच भारतीय राज्यों तक फैली हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कुल 864.48 किलोमीटर सीमा अब भी बिना बाड़ के है, जिसमें 174.51 किमी अव्यवहार्य दूरी भी शामिल है। सूत्रों ने कहा कि दोनों पक्षों ने महानिदेशक स्तर की वार्ता के नवीनतम दौर के बाद प्रभावी संचार के लिए एक नई हॉटलाइन खोलने का निर्णय किया है। यह संपर्क कोलकाता स्थित बीएसएफ पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) और ढाका स्थित बल के मुख्यालय में तैनात उनके बीजीबी समकक्ष के बीच होगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संपर्क बढ़ाना आवश्यक और महत्वपूर्ण महसूस किया गया और इसलिए कमांडरों के बीच बातचीत के वास्ते इस नए मंच पर सहमति बनी है और इसे पहली बार आधिकारिक रिकॉर्ड में शामिल किया गया है।







## विकास व यमुना की सफाई हो प्राथमिकता

ढाई दशक बाद भाजपा के दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के उपरांत ग्यारह दिन की गोपनीयता के बाद बुधवार को नये मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के नाम का खुलासा हुआ। बृहस्पतिवार को तमाम तामझाम के साथ रामलीला मैदान में उनका राज्याभिषेक भी हो गया। प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय मंत्रियों, राजग के घटक दलों के नेताओं और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों व उप मुख्यमंत्रियों तथा भाजपा के दिग्गजों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के अलावा छह मंत्रियों ने शपथ ली। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने दिल्ली को संपन्न,विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। यह संयोग ही है कि वे भी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरह वैश्य बिरादरी से ताल्लुक रखती हैं और हरियाणा मूल की हैं। वे हरियाणा मूल की तीसरी मुख्यमंत्री हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फलत: राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने महिलाओं को हर माह पच्चीस सौ रुपये देने का वायदा इसी मकसद से किया था। वैसे ऐसी ही घोषणाएं कांग्रेस व आप ने भी की थी। उल्लेखनीय तथ्य है कि भाजपा शासित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में रेखा गुप्ता पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वहीं दूसरी ओर एक बार उनके चयन से भाजपा ने फिर साबित किया कि संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों से आये नेताओं को ही शीर्ष पदों के चयन में वरीयता दी जाती है।

वहीं रेखा गुप्ता इस मायने में भाग्यशाली हैं कि वे पहली बार विधायक बनने के बावजूद मुख्यमंत्री का ताज हासिल करने में सफल रही हैं। हालांकि, वह भाजपा के विभिन्न संगठनों में पिछले तीन दशकों से सक्रिय रही हैं और तीन बार दिल्ली नगर निगम पार्षद भी रही हैं। हालांकि, इससे पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाये जाने को लेकर खूब चर्चा रही। इसकी वजह उनकी राजनीतिक विरासत के अलावा, उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को हराना भी था। जनता ने भी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री की टक्कर का मानकर जिताया। कयास लगाये जा रहे थे कि कई कारणों से नाराज जाट समुदाय को मनाने की कोशिश में उन्हें यह पद मिल सकता है। लेकिन जैसा कि भाजपा की रणनीति रही है, वह राजनीति में परिवारवाद के तमगे से बचने का प्रयास करती रही है। राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवाद का विरोध भाजपा का मुख्य एजेंडा भी रहा है। कुछ विवाद भी प्रवेश वर्मा की बयानबाजी को लेकर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक मर्यादा को लांघने वाले रेखा गुप्ता के पुराने ट्वीट भी सोशल मीडिया पर खासे वायरल हो रहे हैं। वैसे तो भाजपा कह सकती है कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा देगी। लेकिन नई मुख्यमंत्री को आप सरकार के शैक्षिक सुधारों, मुफ्त बिजली-पानी, मोहल्ला क्लीनिक व अन्य लोककल्याण के कार्यक्रमों के बड़े विकल्प देने होंगे। दिल्ली की जनता लगातार प्रदूषण, जल भराव, विकास, कूड़े के ढेरों तथा ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रही है। पूर्व मुख्य मंत्रियों व एलजी से टकराव के चलते दिल्ली के विकास की गति थम सी गई थी। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें बेटियों की सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी ताकि फिर दिल्ली में निर्भया कांड जैसे हादसे न हों। वहीं चुनाव के दौरान भाजपा के प्रमुख एजेंडे में शामिल रही यमुना की सफाई को भी उन्हें अपनी प्राथमिकता बनानी होगी। वहीं उन्हें ध्यान रखना होगा कि भले की आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर हुई हो,लेकिन अच्छे-खासे विधायकों के साथ वह एक मजबूत प्रतिरोधी विपक्ष के रूप में विधानसभा में मौजूद है।

# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र



रमेश सर्राफ धमोरा

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नईदिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है।

देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी। 13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस घर लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगल सराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुटओवर ब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी।

हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन व प्रयागराज के महाकुंभ में भी जो भगदड़ की स्थिति पैदा हुई है उसमें प्रशासनिक चूक रही है। एक स्थान पर अधिक भीड़ इकट्ठी होने पर यदि प्रशासन के अधिकारी सतर्कता बढ़ाते तो ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता था। आगे भी सरकार को चाहिए कि ऐसे किसी भी बड़े आयोजनों के लिए और अधिक पुख्ता व्यवस्था करें। देश में आपदा राहत बल को भी अधिक सशक्त किया जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

# भारतीय सिनेमा के महान निर्देशक ऋत्विक घटक



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

भारतीय सिनेमा के महान निर्देशक ऋत्विक घटक कीजन्मशती पूरी दुनिया में मनाई जाती है। भारतीय सिनेमा के इतिहास में ऋत्विक घटक एक ऐसे निर्देशक के रूप में दर्ज हैं, जिन्होंने फिल्म निर्माण को केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे सामाजिक चेतना जगाने और सांस्कृतिक अस्मिता को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम बनाया। उनका सिनेमा सामाजिक यथार्थवाद और गहरी भावनात्मक संवेदनशीलता का संगम था। भारतीय विभाजन, विस्थापन, बंगाल की संस्कृति, और आम आदमी के संघर्ष उनके सिनेमा के प्रमुख विषय रहे हैं। उनकी फिल्मों में कला, साहित्य, संगीत और नाट्यशास्त्र का अनूठा समावेश देखने को मिलता है।

ऋत्विक घटक का जन्म 4 नवंबर 1925 को तत्कालीन पूर्वी बंगाल यानी बांग्लादेश के ढाका जिले में हुआ था। उनका पूरा नाम ऋत्विक कुमार घटक था। उनका परिवार बंगाली संस्कृति और बौद्धिक वातावरण से संपन्न था, जो आगे चलकर उनके रचनात्मक जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा बंगाल में हुई, लेकिन 1947 में भारत विभाजन के दौरान उन्हें अपने परिवार के साथ भारत आना पड़ा। इस विभाजन और विस्थापन का प्रभाव उनके व्यक्तिगत जीवन और सिनेमा पर अत्यधिक पड़ा।

ऋत्विक घटक मूल रूप से साहित्य और नाटक से जुड़े हुए थे। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक नाटककार और अभिनेता के रूप में की। उन्होंने थिएटर ग्रुप 'इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन' में भी काम किया। थिएटर से फिल्म निर्माण की ओर उनका रुझान तब बढ़ा जब उन्होंने देखा कि सिनेमा समाज पर अधिक प्रभाव डाल सकता है। 1950 के दशक में वे फिल्मों के निर्देशन में सक्रिय हुए और जल्द ही भारतीय सिनेमा में अपनी विशिष्ट पहचान बना ली।

सिनेमाई शैली और विशेषताओं की दृष्टि से उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार किया जाएगा,तो यही कहना पड़ेगा कि ऋत्विक घटक की फिल्में पारंपरिक बॉलीवुड सिनेमा से बिल्कुल अलग थीं। वे मुख्यधारा के सिनेमा में प्रचलित गीत-संगीत और नायक-नायिका की प्रेम कहानियों से अलग एक गंभीर और संवेदनशील विषयों पर ध्यान केंद्रित करते थे। उनकी सिनेमाई शैली की विशेषताएंथीं - वास्तविकता और यथार्थवाद। उनकी फिल्मों में विभाजन के बाद के समाज का दर्द, गरीबी, शोषण और विस्थापन की कड़वी सच्चाइयाँ देखने को मिलती हैं। काव्यात्मक और प्रतीकात्मक भाषा का प्रयोग उनकी फिल्मों में हुई है। उन्होंने दृश्य-शैली में गहरी सांकेतिकता और प्रतीकों का उपयोग किया है। बंगाल की संस्कृति और लोककथाओं का भी प्रयोग उनकी फिल्मों में हुई है। सच यह है कि उनकी फिल्मों में बंगाल की परंपरागत कला, संगीत और साहित्य का प्रभाव स्पष्ट रूप से झलकता है।

ध्वनि और संगीत का प्रभावशाली उपयोग करने में ऋत्विक घटक का कोई जोड़ा नहीं है। उनकी फिल्मों में ध्वनि और पारंपरिक बंगाली लोक संगीत का अनूठा समावेश था, जो फिल्म की भावनात्मक गहराई को बढ़ाता था। व्यक्ति और समाज का संघर्ष का समन्वय उनकी फिल्म का आधार है। उनकी फिल्मों की कहानियों में आम आदमी के संघर्ष को चित्रित किया गया है , जो एक बड़े सामाजिक संदर्भ में भी प्रासंगिक होती है।

ऋत्विक घटक ने अपने जीवन में कई महत्त्वपूर्ण फिल्में बनाई, जो आज भी भारतीय सिनेमा के इतिहास में मील का पत्थर मानी जाती हैं।

'नागरिक' (1952) - यह उनकी पहली फिल्म थी, जो समाज में बेरोजगारी और गरीबी की सच्चाइयों को उजागर करती थी। हालांकि यह फिल्म उनके जीवनकाल में रिलीज़ नहीं हो सकी, लेकिन बाद में इसे भारतीय सिनेमा की एक महत्त्वपूर्ण कृति माना गया। 'मेघे ढाका तारा' (1960) - यह फिल्म विभाजन और विस्थापन के प्रभाव पर आधारित थी। इसमें मुख्य पात्र नीतू (सुचित्रा सेन) के माध्यम से उन्होंने बलिदान और पीड़ा का मार्मिक चित्रण किया। यह उनकी सबसे प्रसिद्ध और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली फिल्मों में से एक है। 'कोमल गांधार' (1961) - यह फिल्म भारतीय थिएटर आंदोलन और उसकी राजनीतिक चेतना को केंद्र में रखती है। इसमें उन्होंने सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक परिवर्तन के मुद्दों को उठाया। 'सुवर्णरेखा' (1965) - यह फिल्म भी विभाजन और विस्थापन के प्रभावों को दर्शाती है। यह उनके विभाजन त्रयी का अंतिम भाग था। 'बाड़ी थेके पालिए' (1958) - यह फिल्म एक छोटे बच्चे की दृष्टि से दुनिया को देखने का एक मासूम लेकिन प्रभावशाली प्रयास थी।

ऋत्विक घटक अपने दौर के अन्य प्रमुख निर्देशकों जैसे सत्यजीत रे और मृणाल सेन से काफी अलग थे। जहाँ सत्यजीत रे अपने सिनेमा में अधिक सूक्ष्मता और संतुलित दृष्टिकोण रखते थे, वहीं ऋत्विक घटक का सिनेमा अधिक तीव्र, आवेगपूर्ण था। वे सामाजिक समस्याओं को सीधे और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते थे, जिससे उनकी फिल्में एक गहरे प्रभाव के साथ दर्शकों के सामने आती थीं। उनका सिनेमा आम आदमी के संघर्ष और सत्ता की असमानताओं को उजागर करता था। वे मानते थे कि सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज को शिक्षित और प्रेरित करने का माध्यम भी होना चाहिए।

ऋत्विक घटक का जीवन व्यक्तिगत स्तर पर भी संघर्षों से भरा था। वे अपने जीवन के अंतिम वर्षों में कई समस्याओं से जूझते रहे। इसके बावजूद वे भारतीय फिल्म और सिनेमा अध्ययन में महत्त्वपूर्ण योगदान देते रहे। उन्होंने भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (ऋढखख) में बतौर शिक्षक काम किया और कई नवोदित फिल्मकारों को प्रेरित किया।

6 फरवरी 1976 को ऋत्विक घटक का निधन हो गया। उनका देहांत केवल 50 वर्ष की आयु में हो गया, लेकिन इतने कम समय में उन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नई दिशा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विचार, उनकी दृष्टि और उनकी कला सदा फिल्मकारों और सिनेप्रेमियों को प्रेरित करती रहेगी।

ऋत्विक घटक की फ़िल्में प्रासंगिक हैं और उनकी सामाजिक चेतना तथा कलात्मक दृष्टि को समझने के लिए नए सिरे से देखी और विश्लेषित की जाती हैं। सत्यजीत रे और मृणाल सेन के साथ उन्हें भारतीय सिनेमा के त्रिमूर्ति में गिना जाता है। उनकी फिल्मों को आज भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाता है, और वे भारतीय सिनेमा के विकास में एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्थापित हैं। यही कारण है कि ऋत्विक घटक की फिल्मों की प्रासंगिकता सदा अमर है। ऋत्विक घटक भारतीय सिनेमा के उन महान फिल्मकारों में से एक थे, जिन्होंने सिनेमा को केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं माना, बल्कि उसे सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का सशक्त माध्यम बनाया।

उनकी फ़िल्में न सिर्फ अपनी कलात्मकता के लिए जानी जाती हैं, बल्कि उनमें सामाजिक चेतना, विस्थापन, संघर्ष, और मानवीय संवेदनाओं का भी गहरा चित्रण है। उनका सिनेमा प्रासंगिक है क्योंकि यह समय के साथ और भी अधिक महत्त्वपूर्ण हो गया है। बंगाल का विभाजन और विस्थापन की त्रासदी का सही चित्रण उनकी फिल्मों में हुआ है। ऋत्विक घटक की फिल्मों का प्रमुख विषय बंगाल का विभाजन और उससे उत्पन्न विस्थापन की त्रासदी है। उन्होंने इसे केवल ऐतिहासिक घटना के रूप में नहीं, बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर लोगों के जीवन में आए परिवर्तनों के रूप में चित्रित किया।

उल्लेखनीय है कि उनकी फिल्म मेघे ढाका तारा (1960) विभाजन के बाद के संघर्षों को दिखाने वाली सबसे प्रभावशाली फिल्मों में से एक मानी जाती है। इस फिल्म की नायिका नीतू, जो अपने परिवार को बचाने के लिए खुद को बलिदान कर देती है, दरअसल विभाजन के बाद लाखों महिलाओं की व्यथा को दर्शाती है। आज भी दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध, राजनीतिक संघर्ष और पर्यावरणीय आपदाओं के कारण विस्थापन हो रहा है, जिससे यह फिल्म और भी प्रासंगिक हो जाती है। समाजवाद और वर्ग संघर्ष का चित्रण उन्होंने फिल्मों में किया है।

ऋत्विक घटक की फिल्मों में समाजवाद और वर्ग संघर्ष की गहरी झलक मिलती है। उनकी फिल्म सुवर्णरेखा (1965) एक ऐसी कहानी है, जिसमें विभाजन के बाद एक नए समाज की स्थापना के सपने और वास्तविकता के बीच के अंतर को दिखाया गया है। इस फिल्म में पूंजीवाद और आर्थिक असमानता के कारण आम आदमी के संघर्ष को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया है। आर्थिक विषमता और सामाजिक अन्याय जैसे मुद्दे हमारे समाज में मौजूद हैं, इसलिए उनकी फिल्में इस दौर में भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण हैं। उनकी फिल्मों में भारतीय संस्कृति और लोककला की झलक मिलती है। ऋत्विक घटक की फिल्मों में भारतीय संस्कृति, लोककथाएँ और संगीत का अद्भुत समावेश देखने को मिलता है। उन्होंने अपनी फिल्मों में लोकगीतों, नाट्यकला और पारंपरिक संगीत का प्रयोग किया, जिससे उनकी कहानियाँ और भी सजीव बन गईं। उदाहरण के लिए, क्लाउड-कैप्ड स्टार (मेघे ढाका तारा) में बंगाली लोकसंगीत का सुंदर उपयोग किया गया है, जो फिल्म के भावनात्मक प्रभाव को गहराई प्रदान करता है। जब भारतीय सिनेमा पश्चिमी प्रभावों से ग्रस्त होता जा रहा है, ऋत्विक घटक की फिल्में हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों की याद दिलाती हैं। उन्होंने फिल्म निर्माण की अनूठी शैली को अपनाया है।

ऋत्विक घटक की फिल्म निर्माण शैली भी उन्हें अन्य निर्देशकों से अलग बनाती है। उन्होंने यथार्थवाद और प्रतीकवाद को मिश्रित करके एक विशिष्ट सिनेमाई भाषा विकसित की। उनकी फिल्म कोमल गंधार (1961) में नाटकीय तत्वों और प्रतीकात्मक दृश्यों का अद्भुत संयोजन देखा जा सकता है। उन्होंने एडिटिंग, ध्वनि, और सिनेमेटोग्राफी का ऐसा उपयोग किया, जिससे उनकी फिल्मों का भावनात्मक प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। सही अर्थों में स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं के लिए ऋत्विक घटक की तकनीकी शैली एक प्रेरणा स्रोत है।

उनकी फिल्मों में महिलाओं की मजबूती उभरकर सामने आई है। ऋत्विक घटक की फिल्मों में महिला पात्र बेहद सशक्त होते थे। वे समाज की पीड़ा को झेलने वाली और साथ ही उसे बदलने की क्षमता रखने वाली महिलाओं की कहानियाँ कहते थे। मेघे ढाका तारा की नायिका नीतू, सुवर्णरेखा की नायिका सीता, और तीतास एकटा नदीर नाम की बासंती - सभी समाज में महिलाओं की स्थिति को दर्शाने वाली महत्त्वपूर्ण पात्र हैं।महिलाओं की समानता और अधिकारों के लिए संघर्ष जारी है, जिससे ऋत्विक घटक की फिल्में आधुनिक नारीवादी विमर्श में प्रासंगिक बनी हुई हैं। राष्ट्रप्रेम और सामाजिक चेतना की दृष्टि से उनकी फिल्मों का विश्लेषण जरूरी है।उनकी फिल्मों में राष्ट्रप्रेम की एक अनोखी दृष्टि देखने को मिलती है। वे राष्ट्रवाद को संकीर्ण राजनीति के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक अवधारणा के रूप में देखते थे। कोमल गंधार में उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और विभाजन के प्रभाव को गहराई से चित्रित किया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रवाद की परिभाषा लगातार बदल रही है और इसे कई बार संकीर्ण राजनीति से जोड़ दिया जाता है, ऋत्विक घटक की फिल्मों का व्यापक दृष्टिकोण एक नई सोच प्रदान करता है। उन्होंने आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन अपने सिनेमा में प्रस्तुत किया है।

ऋत्विक घटक आधुनिकता के समर्थक थे, लेकिन वे परंपरा को पूरी तरह से नकारते नहीं थे। वे मानते थे कि समाज को आगे बढ़ने के लिए परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उनकी फिल्में इस संघर्ष को बखूबी दर्शाती हैं। सुवर्णरेखा में एक ऐसे समाज को दिखाया गया है जो पुराने मूल्यों और नई चुनौतियों के बीच उलझा हुआ है। वर्तमान दौर में जब वैश्वीकरण और आधुनिकता के नाम पर पारंपरिक मूल्यों को दरकिनार किया जा रहा है, ऋत्विक घटक का सिनेमाइस संतुलन को बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

ल्मकार सीखते हैं और सिनेमा को एक गंभीर और सार्थक माध्यम के रूप में देखते हैं।

ऋत्विक घटक की फिल्में आज भी इसलिए प्रासंगिक हैं क्योंकि वे मानव समाज के बुनियादी संघर्षों, भावनाओं और सपनों को चित्रित करती हैं। उन्होंने जिन विषयों को अपनी फिल्मों में उठाया - विस्थापन, आर्थिक असमानता, स्त्रीवाद, संस्कृति, राष्ट्रप्रेम और समाजवाद - वे मसले अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उनकी फिल्में सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे आज भी हमें सोचने, समझने और समाज को बदलने की प्रेरणा देती हैं। ऋत्विक घटक भारतीय सिनेमा के एक अमर स्तंभ हैं, और उनकी फिल्मों की प्रासंगिकता समय के साथ और भी बढ़ती जाएगी, जो अत्यंत शाश्वत है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 फरवरी, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष नवमी, 13:15 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 17:28 तक, योग : हरषाना, 11:47 तक, सूर्योदय: 6:05, सूर्यास्त: 17:37, चन्द्रोदय : 01:14, चन्द्रास्त: 11:54, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : वृश्चिक , राहू काल : 08:58 से 10:24

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन सम्मान से भरा होगा और आपको शुभ कार्य के लिए सरकार की तरफ से सम्मान मिल सकता है। कर्ज लेने से पहले सोच-समझ लें कि आप चुका भी पाएंगे या नहीं।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों का दिन शुभ है और परिवार के लोगों के साथ आपका वक्त काफी अच्छा बीतेगा। भागदौड़ में सावधानी रखें और इस कारण से पैर में चोट लग सकती है, सावधान रहें।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों का दिन परेशानियों से भरा हो सकता है और करियर में आपको कोई नुकसान हो सकता है। फिजूलखर्ची से बचें। सामाजिक काम में रुकावट आ सकती है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों का दिन भाग्यशाली रहेगा। मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। बच्चों पर आपका विश्वास और मजबूत होगा। आपको ननिहाल पक्ष के लोगों से प्यार और मदद मिलेगी।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। उदासी और चिंता आपको परेशान कर सकती है। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के दूसरे हिस्से में राहत मिलेगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लोग परिवार के लोगों के साथ आज प्यार से पेश आएंगे और उनके साथ कहीं शॉपिंग पर जा सकते हैं। मुश्किल कामों को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन शुभ है और आपको धन का निवेश बड़ा लाभ करवाएगा। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों की मदद करेंगे और उनकी सेवा भी करेंगे।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों का मन अशांत और परेशान रहेगा। व्यापार बढ़ाने की कोशिशें बेकार हो सकती हैं। शाम तक आप अपनी सूझबूझ और प्रतिभा से दुश्मनों पर जीत हासिल कर लेंगे।

**धनु :** धनु राशि वालों की विद्या, बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। दान-पुण्य और परोपकार की भावना बढ़ेगी। धार्मिक कार्य में रुचि लेंगे तो आपको लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को कीमती चीजें मिलेंगी, लेकिन कुछ जरूरी खर्चे भी करने पड़ेंगे। ससुराल से मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय में मन लगेगा और रुके हुए काम पूरे होंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपके धन सम्मान में वृद्धि के योग हैं। नई-नई खोज करने में समय बिताएंगे। जरूरत के हिसाब से ही खर्च करें।

**मीन :** मीन राशि वालों का दिन अच्छा रहेगा। पुत्र या पुत्री से जुड़े किसी पुराने विवाद का हल निकलेगा। आपके मिलनसार स्वभाव के कारण लोग आपसे जुड़ना चाहेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3012

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | | | | ■ | |
| 8 | 9 | | | ■ | | ■ | 10 | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ | ■ | 16 | 17 |
| 18 | | 19 | | | ■ | 20 | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 21 | | | ■ | 22 | |
| | ■ | 23 | | ■ | ■ | 24 | | | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | ■ | ■ | |

**ऊपर से नीचे:-** 1) थैलीशहा; धनाढ्य, 2) देख-रेख; निगरानी, 3) शरीर, 4) झुँझलाना; क्रुद्ध होना, 5) मटकना; शान दिखाना; घमण्ड करना, 6) क्यों, 9) भैंसा, 11) कारण, 13) घरेलू झगड़ा, 17) मसल डालना, 18) सैलानी, 19) आतंक; डर, 20) अविलंब; तुरन्त, 22) नौका.
*(उत्तर: अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 2) दूसरों के अनुकरण पर, 5) प्रदेश; क्षेत्र, 7) पैगंबर; महापुरुष, 8) पैतृक धन का विभाग; हिस्सा बाँट, 10) दशकंधर, 12) एक ज्योतिषविद्या, 14) अन्न, 15) निशाना, 16) सीमा; मर्यादा, 18) मार्गदर्शक, 20) पहिया, 21) ज्वाला, 22) लिए; शीर्षक; व्यक्ति का संबोधन, 23) संभव, 24) एक बेल जिसके फल की तरकारी बनाई जाती है, 25) कबूतर, 26) असुविधा; उपद्रव; बखेड़ा.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | यू | सी | ■ | त | ■ | म | श | हू | र |
| न | ■ | खा | त | म | ■ | नौ | क | ■ | ह |
| व | ह | ■ | ल | गा | ता | र | ■ | गु | म |
| ■ | म | यं | क | ■ | ना | म | र्द | ■ | दि |
| प्या | स | ■ | ■ | आ | शा | ■ | ■ | का | ल |
| ■ | फ | जू | ल | ■ | ह | रि | या | ली | ■ |
| कु | र | ता | ■ | जं | ■ | ■ | त | न | हा |
| सु | ■ | ■ | ब | ग | ल | ■ | ना | ■ | द |
| म | क्खी | चू | स | ■ | ब | ट्टा | ■ | खी | सा |

## सुडोकू-पहेली-2972

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | 4 | | | 8 | |
| 3 | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 1 | | | | | | 2 | | 3 |
| | 6 | | | 9 | | | | |
| | | | | | | 1 | | |
| | | 8 | | | | | 6 | |
| | 7 | | 2 | | | | | |
| | | | 1 | | 5 | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2971 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 | 5 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 8 | 7 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 3 | 6 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 |

# बशीरहाट में देर रात घर में घुसकर युवा तृणमूल नेता पर जानलेवा हमला, अस्पताल में इलाजरत

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल के एक युवा नेता को उसके घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला किया गया। साथ ही, उसके परिवार के सदस्यों पर भी हमला चलाया गया। युवा नेता को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह सनसनीखेज घटना उत्तर 24 परगना के बशीरहाट में गुरुवार की देर रात घटी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि उक्त तृणमूल नेता ने अवैध भूमि हड़पने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। क्या इसी कारण उस पर यह हमला किया गया? यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अब्दुल कादर मोल्ला बशीरहाट ब्लॉक नंबर 1 के साकचुड़ा बागुंडी ग्राम पंचायत के बांसझाड़ी इलाके का युवा नेता है। वह अपनी पत्नी, मां और छह साल के बच्चे के साथ रहता है। आरोप है कि गत गुरुवार की देर रात 10-12 बदमाशों ने उसके घर पर हमला कर दिया। अब्दुल कादिर मोल्ला को घर में घुसकर बुरी तरह पीटा गया। इतना ही नहीं, उसे धारदार हथियारों से कई बार घोंपा गया। अब्दुल की मां और पत्नी उसे बचाने के लिए पहुंची। उन पर हमला किया गया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी वहां एकत्र हो गए। आरोप है कि इसके बाद, बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी। स्थानीय लोगों और पीड़ित परिवार का दावा है कि कुल पांच राउंड फायरिंग करने के बाद बदमाश इलाके से भाग गए। स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ तृणमूल युवा नेता और परिवार के अन्य सदस्यों को बशीरहाट उपजिला अस्पताल ले गए। अन्य लोगों को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। लेकिन, अब्दुल कादिर मोल्ला की शारीरिक स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें कोलकाता के आरजीकर अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। वहां उसका इलाज चल रहा है। लेकिन यह हमला क्यों? यह हमला किसने किया? यह प्रश्न उठता है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।



### 2026 के विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट तेज

# नवान्न में मुख्यमंत्री ममता के साथ आई पैक के अधिकारी प्रतीक जैन ने की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** आई पैक व तृणमूल कांग्रेस के बीच खटास के बाद रिश्ते फिर से सुधरने के संकेत मिले है। आई पैक के एक वरीय अधिकारी प्रतीक जैन ने मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी से मुलाकात की और कहा जा रहा है कि इनके बीच तमाम बातें हुई है। ऐसे में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले अटकलों का बाजार गर्म हो गया। सूत्रों के अनुसार, आई पैक के एक वरीय पदाधिकारी प्रतीक जैन ने गत बुधवार को राज्य सचिवालय नवान्न में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। हालांकि, यह अधिकारिक तौर पर पता नहीं चल सका है कि उनके बीच वास्तव में क्या चर्चा हुई। लेकिन, उक्त बैठक को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गए है। सूत्रों के अनुसार, ममता न जैन के बीच चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई है। ममता बनर्जी व प्रतीक जैन की मुलाकात को लेकर बंगाल के राजनीतिक हलकों में यह माना जा रहा है कि एक बार फिर प्रशांत किशोर के टीम के कंधों पर तृणमूल को जिताने की जिम्मेदारी होगी। हालांकि, तृणमूल के एक नेता ने कहा कि यदि पार्टी को संगठनात्मक रूप से मजबूत करने के लिए कोई कदम उठाया जाता है या फेरबदल किया जाता है, तो अंतिम निर्णय तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी लेंगी। ममता ही तय करेंगी कि पार्टी की रणनीति क्या होगी। इसे कोई और तय नहीं कर सकता है और देश भर के लोग ममता की क्षमता को जानते है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर सीबीआई को जारी किया नोटिस



**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में जमानत मांगी गई। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया। उल्लेखनीय है कि जमानत की मांग करते हुए पार्थ चटर्जी (और अन्य) ने शुरू में कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया। नवंबर 2024 में एक खंडपीठ ने ज़मानत आवेदनों पर विभाजित फ़ैसला सुनाया। जज ने सभी आरोपियों को जमानत दी, जबकि दूसरे ने पार्थ चटर्जी और शिक्षा विभाग के चार अन्य अधिकारियों (सुबीर भट्टाचार्य, कल्याणमय गंगोपाध्याय, अशोक कुमार साहा और शांति प्रसाद सिन्हा) को जमानत देने से इनकार किया। इसके बाद, मामला एकल पीठ के समक्ष आया, जिसने पार्थ चटर्जी और चार अन्य अधिकारियों को जमानत देने से इनकार किया। उपर्युक्त दो आदेशों (विभाजित फैसले का आदेश और जमानत देने से इनकार करने वाला एकल पीठ का आदेश) को चुनौती देते हुए पार्थ चटर्जी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने के आरोप में चार पंचायत कर्मचारी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा शासित पंचायत में हजारों फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने के आरोप में चार पंचायत कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। हांसखली पुलिस ने पंचायत सचिव प्रकाश रॉय समेत तीन अस्थायी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना बगुला ग्राम पंचायत नंबर 2 में घटी। हालांकि, पंचायत प्रधान का दावा है कि उन्हें इस बारे में कुछ भी पता नहीं है। शुक्रवार को हांसखाली थाने की पुलिस ने गिरफ्तार लोगों को राणाघाट अदालत में पेश किया गया। बता दें कि 2018 से 2023 तक बगुला ग्राम पंचायत नंबर 2 तृणमूल कांग्रेस के नियंत्रण में थी। राणाघाट उत्तर-पूर्व विधानसभा से भाजपा विधायक असीम विश्वास ने दावा किया कि उस समय बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ था। आरोपियों पर फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने के आरोपों के अलावा विभिन्न सरकारी परियोजनाओं से धन के गबन के भी आरोप हैं। भ्रष्टाचार के आरोप में पंचायत सचिव समेत तीन अस्थायी कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है।

## सोमवार को राज्य के सभी अदालतें रहेंगी बंद, अधिकारों की मांग पर वकीलों का हड़ताल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में वकीलों ने सोमवार को राज्य के सभी अदालतों में हड़ताल का आह्वान किया है। वकील अब अपने अधिकारों की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, और इस हड़ताल में कोलकाता हाईकोर्ट सहित राज्य के अन्य सभी अदालतें शामिल होंगी। हाल ही में वकीलों के बिल में किए गए संशोधन को लेकर पश्चिम बंगाल बार काउंसिल ने आरोप लगाया है कि इस नए संशोधन के तहत वकीलों के हड़ताल करने के अधिकार को छीन लिया गया है। इसी कारण से, वकील इस संशोधन का विरोध कर रहे हैं और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए हड़ताल कर रहे हैं। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल बार काउंसिल के सदस्यों ने इस संशोधन पर बैठक की थी, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि सोमवार को हड़ताल की जाएगी। पश्चिम बंगाल बार काउंसिल की ओर से जारी बयान में कहा गया कि नए संशोधन कानून में वकीलों के हड़ताल करने के अधिकार को समाप्त कर दिया गया है। इस निर्णय के विरोध में वकील यह हड़ताल कर रहे हैं। काउंसिल ने चेतावनी दी है कि यदि इस संशोधन में बदलाव नहीं किया गया, तो वे एक बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इसके चलते सोमवार को कोलकाता हाईकोर्ट सहित राज्य की सभी अदालतों में न्यायिक प्रक्रिया ठप होने का खतरा बना हुआ है।

**Name Change**

I, Kamala Saraogi, wife of Narendra Kumar Saraogi residing at Shantiniketan Apartment, Block-D, 4th Floor, Flat No.403, 20, Round Tank Lane, Howrah-711101, have changed my name and shall henceforth be known as Kamala Saraogi as declared before the First Class Ld Judicial Magistrate Kolkata court, West Bengal vide affidavit number 1918 dated 21st February 2025 Kamala Saraogi and Kamala Devi Saraogi both are same and indentical person.

**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Kiranbala, mother of Army No 8036922L Rank Hav (GD) Name Ranajit Jana, permanent resident of Vill - Muradpur, PO - Muradpur, Dist Purba Medinipur, State West Bengal. I have changed my Name from Kiran Bala to Kiranbala Jana and I have changed my Date of Birth from 29.09.1958 to 04.07.1952 Vide affidavit No.2802 before Ld. Judicial Magistrate 1st Class at Alipore dated 16.012025 and by Notary No.12 Public at Kolkata, dated 13.01.2025.

**NOTICE INVITING e-TENDER**

**Ref NIeT No: 411/AWC/2024-25 Date: 18.02.2025**

E-Tender are invited from bonafied resourceful contractors for development works. For Scheme details, other Terms and Conditions please visit **www.wbtenders.gov.in**

Documents Download Date: From **19.02.2025 at 01.00 PM** to **03.03.2025** up to **01.00 PM.** Bid Submission Date: **19.02.2025 at 01.30 PM** to **03.03.2025** up to **02.00 PM.** Date of Technical Bid Opening: **05.03.2025** at **02:00 PM.**

Sd/-,
Executive Officer
Chinsurah-Mogra Panchayet Samity

**पूर्व रेलवे**

**नीलामी सूचना**

**आसनसोल मंडल के तहत टैंकों में मछली पालन का अधिकार**

**सं. एल8/टैंक-2, दिनांक: 19.02.2025.** सहायक अभियंता (मुख्यालय), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल -713301 द्वारा दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2028 तक की अवधि के लिए 03 अदद पृथक टैंकों (शताब्दी शिशु उद्यान के संलग्न) कुल क्षेत्रफल 8598 वर्ग मीटर को लाइसेंस पर प्रदान करने के लिए नीलामी आमंत्रित की जाती है। **नीलामी सहायक अभियंता/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, आसनसोल के कक्ष में दिनांक 20.03.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे** आयोजित होगी।

स्थान पिट रेलवे 03 अदद पृथक टैंक (शताब्दी शिशु उद्यान के संलग्न),
क्षेत्र का कुल परिमाप 8598 वर्ग मीटर,
अवधि 01.04.2025 से 31.03.2028 तक

(ASN-346/2024-25) सहायक अभियंता (मुख्यालय), आसनसोल

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न शाखाओं में ट्रैक, ओवरहेड इक्विपमेंट और एस एंड टी रखरखाव कार्य के लिए, **दिनांक 23.02.2025 (रविवार) को** दिन के समय ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है:- • **मार्ग परिवर्तन [23.02.2025 (रविवार)]: 63501 हावड़ा-बर्द्धमान मेमू** हावड़ा-डानकुनी-बर्द्धमान होकर मार्ग परिवर्तित करेगी • **पुनर्निर्धारण [23.02.2025 (रविवार)]: (i) 53009 कटवा-आजिमगंज पैसेंजर** को कटवा से 12.00 बजे के बदले 12.30 बजे पुनर्निर्धारित किया जाएगा। **(ii) 37749 बैण्डेल-कटवा लोकल** को बैण्डेल से 12.15 बजे के बदले 12.45 बजे पुनर्निर्धारित किया जाएगा। • **नियंत्रण [23.02.2025 (रविवार)]: 37812 बर्द्धमान-हावड़ा लोकल** मार्ग में 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## राज्य ने अवैध ईंट भट्टों को कानूनी बनाने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया की शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य ने अब अवैध ईंट भट्टों को कानूनी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब राज्य भर के प्रत्येक ईंट भट्टों को पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए राज्य एक पोर्टल ला रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक ईट भट्ठा को अपने भट्ठे के स्थान सहित सभी जानकारी दस्तावेज के रूप में दर्ज करनी होगी। इसके आधार पर, राज्य यह निर्धारित करेगा कि ईंट भट्ठों को कितनी रॉयल्टी देनी होगी। रॉयल्टी देने के बाद ही इट भट्ठों को आवश्यक अनुमोदन प्राप्त होगा। अवैध इट भट्ठों को कानूनी बनाने के साथ-साथ राज्य की राजस्व संग्रहण का भी यह पोर्टल एक अहम उद्देश्य है। सिर्फ इतना ही नहीं, ईट भट्ठों में सही जानकारी दर्ज हो रही है या नहीं, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक ईट भट्टे में बीएलअरओ स्व-निरीक्षण करेंगे।

## सामूहिक पिटाई से हत्या मामले में पानीहाटी के तृणमूल पार्षद सहित 5 दोषी करार, मंगलवार को सजा ऐलान

### तारक गुहा समेत 10 लोगों के खिलाफ आरोप दर्ज, अदालत ने 3 लोगों को किया बरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** 2014 में पानीहाटी में हुई एक सामूहिक पिटाई के मामले में 10 साल बाद न्याय की प्रक्रिया पूरी हुई है। बैरकपुर कोर्ट ने पानीहाटी नगरपालिका के पार्षद तारक गुहा सहित 5 लोगों को दोषी करार दिया। कोर्ट में हाजिर होते ही पार्षद तारक गुहा को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में तीन अन्य अभियुक्तों को बरी कर दिया गया है। कोर्ट ने मंगलवार को दोषियों की सजा का ऐलान करने की बात कही है। पार्षद तारक गुहा के दोषी पाए जाने के बाद तृणमूल पार्टी में भी इस पर चर्चा शुरू हो गई है और सूत्रों के अनुसार, उनके खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने की संभावना है। यह घटना 25 सितंबर 2014 की है, जब पानीहाटी में शंभू चक्रवर्ती नामक व्यक्ति को 10 लोगों ने मिलकर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस हत्या मामले में पानीहाटी के वार्ड 11 के पार्षद तारक गुहा का नाम भी सामने आया था। इस मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद न्यायिक प्रक्रिया शुरू की गई थी। 10 साल तक बैरकपुर के तीसरे अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायालय में यह मामला चलता रहा। आखिरकार, शुक्रवार को कोर्ट ने पार्षद तारक गुहा, नेपाल गुहा, जयदेव मुखोपाध्याय, श्यामल दास और हरिपद सरकार को दोषी ठहराया, जबकि मल्लिका दा, नव चक्रवर्ती और बुड़ोन दास को बरी कर दिया। अब मंगलवार को इन दोषियों की सजा का ऐलान होगा, जिसमें उन्हें आजीवन कारावास की सजा भी हो सकती है।



## सौरव गांगुली की कार का एक्सीडेंट, बाल-बाल बचे पूर्व क्रिकेटर

❑ **दुर्गापुर एक्सप्रेसवे पर काफिले के सामने आई लॉरी**

**हुगली/कोलकाता, समाज्ञा :** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की कार का गुरुवार को एक्सीडेंट हो गया है। यह हादसा बर्दवान जाते समय हुगली जिले के दादपुर इलाके में दुर्गापुर एक्सप्रेसवे पर हल्की बारिश के बीच हुआ। सौरव गांगुली इस हादसे में बाल-बाल बच गए हैं। जानकारी के अनुसार, उनकी काफिले के बीच में एक लॉरी आ गई, जिसके चलते कारों को इमरजेंसी ब्रेक मारनी पड़ी। हालांकि, राहत की बात ये रही कि इस हादसे में न तो दादा को कोई चोट पहुंची और न ही उनके किसी साथी को। जैसे ही लॉरी बीच में आई दादा के ड्राइवर ने तुरंत ब्रेक मार ली, लेकिन काफिले के पीछे की गाड़ियों में टक्कर हो गई। हालांकि, किसी को कोई चोट नहीं पहुंची। दादपुर पुलिस थाने के एक अधिकारी के अनुसार, हादसे में दादा और उनकी गाड़ी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हादसे के बाद सौरव को कई मिनट तक सड़क पर इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद वह कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। वो बर्दवान विश्वविद्यालय में आयोजित प्रोग्राम में शिरकत करने जा रहे थे।



## संदेशखाली हत्याकांड में शाहजहां के खिलाफ सीबीआई जांच की संभावना

### अगले सप्ताह हाईकोर्ट करेगी फैंसला

**कोलकाता, समाज्ञा**

संदेशखाली में 2019 में हुई तीन हत्याओं के मामले में तृणमूल नेता शेख शाहजहां का नाम जुड़ने के बाद, सीबीआई जांच की मांग को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। आरोप है कि शाहजहां आरोपी होते हुए भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले में अब कोलकाता हाईकोर्ट ने आगामी सप्ताह में अपना निर्णय देने की बात कही है। पिछले दिसंबर में न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की अदालत में इस मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी थी। शुक्रवार को फिर से मामले की सुनवाई हुई, जिसमें अदालत ने राज्य सरकार और याचिकाकर्ताओं से कुछ विशेष जानकारी मांगी। जस्टिस जय सेनगुप्ता ने कहा कि जितनी जल्दी यह जानकारी प्राप्त होगी, उतनी जल्दी फैसला सुनाया जाएगा और अदालत का प्रयास अगले सप्ताह तक निर्णय देने का है। उल्लेखनीय है कि संदेशखाली कांड ने राज्य की राजनीति में एक हलचल मचाई थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी द्वारा शाहजहां के घर पर छापेमारी करने के बाद उन पर हमला हुआ। इसके बाद, शाहजहां के खिलाफ कई आरोप सामने आए। पुलिस ने कई जटिलताओं के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया और फिर सीबीआई ने उसे अपनी हिरासत में लिया।

# बकाया मांगने गए पूर्व नगरपालिका कर्मचारी का फूटा सिर, पार्षद घायल

❑ **तृणमूल के 'गुटीय संघर्ष' में रक्तरंजित हुआ कृष्णनगर नगरपालिका**

**कोलकाता, समाज्ञा :** शासक दल तृणमूल के अंदर फिर से गुटीय संघर्ष का मामला सामने आया है। आरोप है कि इस बार मामला खून खराबे तक पहुंच गई। कृष्णनगर नगरपालिका में सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा बकाया राशि की मांग को लेकर आंदोलन किया गया, जिसके दौरान एक बड़ी मारपीट की घटना सामने आई। आंदोलनकारी पूर्व कर्मचारियों का आरोप है कि उनका कई महीनों से बकाया पैसा नहीं दिया गया, जिसे लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। समय-समय पर आंदोलन करने के बावजूद बकाया राशि का भुगतान नहीं हुआ, और अब फिर से कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया। इस दिन, सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कृष्णनगर नगरपालिका में डेपुटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। आंदोलन के दौरान नगरपालिका परिसर में विरोध प्रदर्शन हो रहा था, तभी चेयरमैन के समर्थकों द्वारा उन पर हमला करने का आरोप है। आरोप है कि कुछ लोग नगरपालिका में घुसकर आंदोलनकारियों पर बांस और लाठियों से हमला करने लगे। इस हमले में कई पूर्व कर्मचारियों के सिर फट गए और कुछ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पार्षद और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। उन्हें तुरंत शक्तिनगर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। नगरपालिका की चेयरमैन रीता दास ने कहा कि मातृभाषा दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था, और उसी समय आंदोलन शुरू कर दिया गया। इस घटना ने शासक दल के अंदर और जिले की राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है।



**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं.: 292_2024-25, दिनांक 19.02.2025; सीनि. डीईएन/2/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **[सीनि. डीईएन/2/हावड़ा ]। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल के हावड़ा-बर्द्धमान अनुभाग में पुल सं. 209 (अप/मेन, अप/एचबीसी) के गर्डरों का प्रतिस्थापन एवं मेन लाइन अनुभाग में 190ए तथा साहिबगंज में 5एफ, एसीसीएल लाइन में आरओआर सं. 3डी के गर्डरों का मजबूतीकरण। **अनुमानित लागत:** रु. 30,49,76,796.83; **बयाना राशि:** रु. 16,74,900; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 12 महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 13.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-620/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा प्रणाली के लिए संक्षिप्त निविदा सूचना सं. एएसएन/I/07 ऑफ 2024-25, दिनांक 20.02.2025; उप मुख्य अभियंता/निर्माण/I, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए एकल पैकेट प्रणाली में ई-निविदा प्रणाली हेतु निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** अंडाल जंक्शन-सीतारामपुर वाया बाराबनी एवं तपसी तृतीय लाइन (40.10 किमी) के लिए छोटे पुलों, प्रधान पुलों, रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज, फुट ओवर ब्रिज के लिए सरेखण नक्शा, यार्ड नक्शा, ड्राइंग, लेवल क्रॉसिंग ड्राइंगों के साथ अंतिम स्थल सर्वेक्षण, ट्रैफिक सर्वेक्षण का संचालन, सभी सिविल, विद्युतीय एवं एस एंड टी कार्य के लिए परिपूर्ण डीपीआर प्रस्तुति, विस्तृत आंकलन तैयार करना, जल विज्ञान एवं भू-तकनीकी जांच एवं अन्य सभी अनुषंगिक कार्य, विद्युतीय, टीआरडी एवं एस एंड टी सहित सभी कार्यों के लिए ईपीसी दस्तावेज तैयार करना एवं प्रस्तुति। **अनुमानित मूल्य:** रु. 0.80 करोड़। **बोली सुरक्षा:** रु. 1,59,800/-; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 06 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.03.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव अगर प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (CON-89/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. : ईएलएस/एसडीएएच/ओटी/24-014आर, दिनांक 20.02.2025; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ईएमयू/सियालदह, पहली मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, सियालदह, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** ईएलएस/एसडीएएच/ओटी/24-014आर; **कार्य का नाम:** सोनारपुर, बारासात एवं रानाघाट ईएमयू कार शेडों के लिए ईएमयू की छत पर विभिन्न उपकरणों की जांच के लिए रूफ-लेवल प्लेटफॉर्म सीढ़ी की आपूर्ति, संरचना तथा स्थापना। **निविदा मूल्य:** रु. 19,66,278.99; **बयाना राशि:** रु. 39,300; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 08 महीने। **बंद होने की तारीख:** 24.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (SDAH-363/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.:** एसडीएसटीई-ईटीएन-ईडीएस-एचक्यू-2025, **दिनांक 20.02.2025;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे मुख्यालय में एस एंड टी ड्राइंग कार्यालय का उन्नयन तथा ई-ड्राइंग अनुमोदन प्रणाली का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 75,56,736.11; **बयाना राशि:** रु. 1,51,100; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **बोली शुरू होने की तारीख:** 28.02.2025; **समापन अवधि:** 04 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.03.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समय:** 20.02.2025 को शाम 06.09 बजे। (HWH-623/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा के अधीन नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, ई-निविदा सं.: 351 _2024-25, दिनांक 20.02.2025; कार्य का विवरण:** (i) कारशेड, हावड़ा में शौचालय का निर्माण तथा स्थानांतरण तथा अन्य कार्यों का निष्पादन। (ii) हावड़ा में कॉल्विन कोर्ट के स्टाफ क्वार्टरों सहित निकासी प्रणाली एवं जल आपूर्ति का सुधार एवं नवीनीकरण। **अनुमानित लागत:** रु. 1,30,71,351.27; **बयाना राशि:** रु. 2,15,400; **क्रमांक 2, ई-निविदा सं.: 352_2024-25, दिनांक 20.02.2025; कार्य का विवरण:** हावड़ा डीजल शेड-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिवों को ठहराने के लिए डीजल शेडों में सुविधा की वृद्धि। **अनुमानित लागत:** 1,73,41,198.73; **बयाना राशि:** रु. 2,36,700; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य (दोनों के लिए)। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने (दोनों के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 20.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान:** ई-निविदा के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के जरिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-621/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**ई-नीलामी सूचना**

मेट्रो रेलवे, कोलकाता गैर-किराया राजस्व आय का पता लगाने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करती है। ई-नीलामी के लिए लॉट विवरण नीचे दिए गए हैं:

(1) **सियालदह, हावड़ा और सेक्टर-V** मेट्रो स्टेशन परिसर में ब्रांडेड फूड आउटलेट की स्थापना। **नीलामी शुरू:** 28.02.2025 को दोपहर 12:00 बजे। **नीलामी समाप्त:** 28.02.2025 को दोपहर 1:00 बजे। **श्रेणी:** मिसलेनियस स्टैटिक सर्विसेज-स्टैटिक जनरल। **कैटलॉग संख्या:** 25330एमआरकेएमआईएससीएसजी।

(2) मेट्रो स्टेशन परिसर में एलईडी बिलबोर्ड और ब्रांडेड फूड आउटलेट की स्थापना। **नीलामी शुरू:** 03.03.2025 को दोपहर 12:00 बजे। **नीलामी समाप्त:** 03.03.2025 को दोपहर 1:00 बजे। **श्रेणी:** मिसलेनियस स्टैटिक सर्विसेज-स्टैटिक जनरल। **कैटलॉग संख्या:** 25334एमआरके-एमएसएस-एसजी।

(3) मेट्रो स्टेशन परिसर में मसाज चेयर/डिजिटल लॉकर की स्थापना। **नीलामी शुरू:** 07.03.2025 को दोपहर 12:00 बजे। **नीलामी समाप्त:** 07.03.2025 को दोपहर 1:00 बजे। **श्रेणी:** मिसलेनियस स्टैटिक सर्विसेज-मसाज चेयर/डिजिटल लॉकर। **कैटलॉग संख्या:** 25337एमआरके-एमएसएस-एसजी।

**नीलामी प्राधिकरण- मेट्रो रेलवे, कोलकाता के उप सीएमई/जोका।**

इच्छुक फर्मों/एजेंसियों से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। कृते **प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

कुछ परिचालन कारणों से निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: **(क) रद्द:** • **12311 हावड़ा - कालका नेताजी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.2025, 23.02.2025, 24.02.2025, 25.02.2025 एवं 26.02.2025) और **12312 कालका - हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.2025, 23.02.2025, 24.02.2025, 25.02.2025 एवं 26.02.2025) • **12367 भागलपुर - आनंद विहार टर्मिनल विक्रमशिला एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.2025, 23.02.2025, 24.02.2025, 25.02.2025, 26.02.2025 एवं 27.02.2025) और **12368 आनंद विहार टर्मिनल - भागलपुर विक्रमशिला एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.2025, 23.02.2025, 24.02.2025, 25.02.2025, 26.02.2025 एवं 27.02.2025) • **12307 हावड़ा-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.2025, 23.02.2025, 25.02.2025 एवं 26.02.2025) और **12308 जोधपुर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 24.02.2025 एवं 25.02.2025) • **22308 बीकानेर - हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.2025, 23.02.2025 एवं 26.02.2025) और **22307 हावड़ा - बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 24.02.2025) • **12176 ग्वालियर - हावड़ा चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.2025 एवं 25.02.2025) और **12175 हावड़ा - ग्वालियर चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.02.2025 एवं 26.02.2025) • **22911 इंदौर - हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.2025 एवं 25.02.2025) और **22912 हावड़ा - इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.2025, 24.02.2025 एवं 27.02.2025) • **12178 मथुरा - हावड़ा चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 24.02.2025) और **12177 हावड़ा - मथुरा चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 28.02.2025) • **20975 हावड़ा - आगरा कैंट. चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.02.2025) और **20976 आगरा कैंट. - हावड़ा चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 27.02.2025) • **12349 गोड्डा - नई दिल्ली साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 24.02.2025) और **12350 नई दिल्ली - गोड्डा साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.02.2025) • **12941 भावनगर-आसनसोल पारसनाथ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.02.2025) और **12942 आसनसोल - भावनगर पारसनाथ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 27.02.2025) • **22466 आनंद विहार टर्मिनल - मधुपुर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर एसएफ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.02.2025) और **22465 मधुपुर - आनंद विहार टर्मिनल बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर एसएफ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 27.02.2025) • **22406 आनंद विहार टर्मिनल - भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.02.2025) और **22405 भागलपुर -आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 27.02.2025) • **12321 हावड़ा - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 25.02.2025 एवं 26.02.2025) और **12322 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - हावड़ा मुंबई मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 27.02.2025 एवं 28.02.2025) • **12324 बाड़मेर - हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.02.2025) एवं **12323 हावड़ा - बाड़मेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 28.02.2025) • **12495 बीकानेर-कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 27.02.2025) एवं **12496 कोलकाता -बीकानेर प्रताप एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 28.02.2025) • **22947 सूरत - भागलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.02.2025) और **22948 भागलपुर - सूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 27.02.2025)। **(ख) मार्ग परिवर्तन: 15657 दिल्ली-कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.2025, 23.02.2025, 24.02.2025, 25.02.2025 एवं 26.02.2025) गाजियाबाद - मुरादाबाद - लखनऊ - पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# टेंगरा के बाद अब बीरभूम में मां व उसके दो मासूम बच्चों की हत्या

❑ **मोहम्मद बाजार में एक आदिवासी परिवार के तीन सदस्यों के शव घर से बरामद**

❑ **वारदात से लोगों का गुस्सा फूटा, शवों को रोक किया हंगामा**



**बीरभूम :** कोलकाता के टेंगरा इलाके में दे परिवार की तीन महिला सदस्यों की हत्या व इसी परिवार के तीन सदस्यों के साथ कथित सड़क हादसे का राज अभी भी पूरी तरह से खुला भी नहीं था कि फिर उक्त तरह की एक वारदात से बीरभूम जिले में हड़कंप मच गया। पुलिस व स्थानीय सूत्रों ने बताया कि बीरभूम जिले के मोहम्मद बाजार इलाके के मैनेजर पाड़ा के एक घर से एक ही परिवार के तीन लोगों के खून से सने शव मिले हैं। मृतकों की पहचान लक्ष्मी मांडी (25) व उसके दो बच्चे रुपाली मांडी (8) व बेटा अभिजीत मांडी (10) के रूप में की गई हैं। सभी के सिर पर गहरे चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे उनकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। तीनों के शरीर खून से सने मिले है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लक्ष्मी और उसकी बेटी रुपाली के शव बिस्तर पर कंबल में लिपटे मिले, जबकि बेटे अभिजीत का शव बिस्तर के नीचे जमीन पर पड़ा था। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतका लक्ष्मी मांडी का पति लालू मांडी अक्सर काम के सिलसिले में बाहर रहता था। इसी वजह से दोनों बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी पत्नी के कंधों पर आ गई। दोनों बच्चे मां के साथ घर पर अकेले रहते थे। शुक्रवार की सुबह पड़ोसियों ने सबसे पहले घर में महिला और दो बच्चों के खून से लथपथ शव पड़े देखे। इसके बाद, पुलिस को सूचित किया गया। लेकिन, जब पुलिस ने मृतकों के शवों को ले जाने की कोशिश की तो स्थानीय लोगों ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने मांग की कि हत्या की जांच के लिए पुलिस स्नीफर डॉग लेकर आये और मामले की बारीकी से जांच हो। बाद में, किसी तरह से पुलिस ने लोगों को समझाया और पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि मांडी परिवार के तीनों सदस्यों की हत्या किसी भारी वस्तु से वार कर की गई है। प्राथमिक जांच में तीनों के सिर पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं। हालांकि, हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने लक्ष्मी के पति लालू को घटना की सूचना दे दी है। फिलहाल, इस मामले की जांच की जा रही है। पुलिस स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

# आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर से रेप और हत्या मामले में सीबीआई जांच की प्रगति पर सवाल

## अदालत ने तीन दिन में रिपोर्ट जमा करने का दिया आदेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से हुए रेप और हत्या मामले में सीबीआई जांच की स्थिति पर सवाल उठाए गए हैं। सियालदह अदालत ने सीबीआई को आदेश दिया है कि वह अगले सोमवार तक अपनी जांच की प्रगति की रिपोर्ट पेश करे। यह आदेश पीड़िता के परिवार के आवेदन पर दिया गया, जिसमें उन्होंने जांच की स्थिति जानने की मांग की थी। पिछले साल 9 अगस्त को कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई इस भयावह घटना में युवती चिकित्सक की रेप और हत्या कर दी गई थी। इस घटना के पांच महीने और नौ दिन बाद, 20 जनवरी को सियालदहॉ अदालत ने सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। हालांकि, सीबीआई ने अदालत में बताया कि वे अभी भी मामले की जांच कर रहे हैं।

गुरुवार को सियालदह अदालत में सुनवाई के दौरान पीड़िता के माता-पिता के वकील अमर्त्य दे ने अदालत को सूचित किया कि सीबीआई ने पिछले 90 दिनों में कोई अतिरिक्त चार्जशीट पेश नहीं की है। इसके अलावा, अगले 90 दिनों में जांच में क्या प्रगति हुई, इस बारे में भी सीबीआई ने पीड़िता के परिवार को कोई जानकारी नहीं दी। इस पर अदालत ने सीबीआई को सोमवार तक जांच की प्रगति की जानकारी पेश करने के आदेश दिए।

### जामुड़िया में अवैध रेत खनन का विरोध करने पर जितेंद्र तिवारी के खिलाफ प्रदर्शन

**आसनसोल :** अवैध तरीके से अजय नदी से बालू खनन के आरोपों की जांच करने पहुंचे बीजेपी नेता जीतेंद्र तिवारी को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे जब वे जामुड़िया के दरबारडांगा घाट का दौरा कर रहे थे, तभी कुछ युवकों ने उन्हें घेर लिया। विरोध प्रदर्शन इतना तेज हुआ कि धक्का-मुक्की की नौबत आ गई और भीड़ ने जीतेंद्र तिवारी 'गो बैंक' के नारे लगाने शुरू कर दिए। इस घटना से इलाके में जबरदस्त तनाव फैल गया। स्थिति बिगड़ती देख जामुड़िया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद जीतेंद्र तिवारी वहां से निकलकर नंदी इलाके स्थित बीजेपी कार्यालय पहुंचे। जीतेंद्र तिवारी ने बयान देते हुए कहा कि कुछ लोगों को विपक्ष ने गुमराह कर दिया था, जिससे ये विरोध करने लगे। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और समझने के बाद ही लौटे।

# शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई ने तीन आरोपितों के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

❑ **आरोपपत्र में सुजयकृष्ण भद्र, पूर्व टीएमसी नेता शांतनु बनर्जी व भाजपा नेता अरुण हाजरा का नाम**



**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में सुजयकृष्ण भद्र के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। इस मामले के एक आरोपित हुगली से निष्कासित तृणमूल नेता शांतनु बनर्जी के खिलाफ भी आरोपपत्र दाखिल किया गया है। इसमें अरुण हाजरा नाम के एक व्यक्ति का भी नाम है। आरोपपत्र शुक्रवार को बैंकशाल कोर्ट स्थित शहर सत्र न्यायालय में पेश किया गया। सीबीआई के आरोपपत्र में अरुण को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। बता दें कि वह वर्तमान में भाजपा नेता है। लेकिन जब यह घोटाला हुआ था तब वह टीएमसी में था। कुछ उम्मीदवारों को सुजय के माध्यम से उसकी सिफारिश पर नौकरियां मिली थीं। उल्लेखनीय है कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने गत मंगलवार को मानवीय आधार पर सुजयकृष्ण भद्र को सीबीआई के मामले में अंतरिम जमानत दे दी, क्योंकि वह बीमार है। ईडी मामले में सुजय को पहले ही जमानत मिल चुकी है। इसके पहले सीबीआई ने सुजयकृष्ण की आवाज का नमूना एकत्र किया था।

# द्वितीय वर्ष के छात्रा की रहस्यमय मौत, शव के पास मिला सुसाइड नोट

## आत्महत्या या कुछ और? जांच में जुटी पुलिस



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के कालीतला आशुति थाना इलाके में शुक्रवार को एक युवती का फंदे से लटका शव उसके घर से बरामद हुआ। मृतका की पहचान सारा निषाद (19) के रूप में की गई है। वह चट्टाशेख पाड़ा का निवासी थी और महेशतला कॉलेज में द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। बताया गया है कि दो बहनें और उनकी मां एक साथ रहती थीं। पिता पेशे से डॉक्टर हैं और वह काम के लिए दूसरे राज्य में रहते है। परिवारिक सूत्रों के अनुसार, गत गुरुवार की रात खाना खाने के बाद सारा अपने कमरे में चली गई। इस दिन, सुबह में काफी देर जब युवती ने दरवाजा नहीं खोला तो परिजनों को शक हुआ। सुबह करीब 9 बजे परिजनों ने काफी आवाज लगाई पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। बाद में, दरवाजा तोड़कर कमरे में अंदर गये तो परिजनों ने युवती को छत से लटकता देखा। यह खबर कालीतला आशुति थाने को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर उसे बरामद कर बेहाला के विद्यासागर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने यह भी बताया कि शव के पास एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है कि मेरी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। हालांकि, इस बात को लेकर संशय बना हुआ है कि छात्र ने आत्महत्या क्यों की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच कर रही है।

# तृणमूल को राज्य की मतदाता सूची में गड़बड़ी की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस को बंगाल की मतदाता सूची में गड़बड़ी किए जाने की आशंका है। पार्टी नेताओं का कहना है कि बंगाल की मतदाता सूची में दूसरे राज्यों के लोगों के नाम शामिल कराए जा सकते हैं। तृणमूल राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस की भूमिका पर भी संदेह जता रही है। उसका मानना है कि राज्यपाल भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए अगले कुछ महीनों में ही बंगाल में विधानसभा चुनाव कराने के लिए सक्रिय हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि बंगाल में अगले साल विस चुनाव होने हैं। तृणमूल राज्यपाल पर भाजपा का होकर काम करने का आरोप लगाती आई है। दिल्ली विस चुनाव के नतीजे आने के बाद पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने राज्य की मतदाता सूची में गड़बड़ी किए जाने की आशंका जताई थी, जिसके बाद पार्टी के हरेक स्तर के नेता-कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। राज्य प्रशासन के एक वर्ग को भी इस साजिश में शामिल किए जाने का संदेह है क्योंकि मतदाता सूची में संशोधन व नए नामों को शामिल करने के काम में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी जुड़े होते हैं।

### दक्षिण पूर्व रेलवे ने महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा के लिए किए विशेष प्रबंध

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे द्वारा महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद उनकी सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित की गई। इस महाकुंभ में लाखों श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने विशेष ट्रेनें चलाने की व्यवस्था की है। दक्षिण-पूर्व रेलवे हमेशा यात्रियों की सुविधा के लिए तत्पर रहता है। इस महाकुंभ में, बालेश्वर और जलेश्वर के मार्गों पर पुरी-टूंडला-पुरी विशेष ट्रेनें चल रही हैं। इसके अलावा, बालेश्वर और जलेश्वर के बीच चार जोड़ी नियमित ट्रेनें प्रयागराज में रुकती हैं और खड़गपुर से दो जोड़ी ट्रेनें तथा सांतरागाछी से एक जोड़ी ट्रेनें भी प्रस्थान कर रही हैं। दक्षिण-पूर्व रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों पर सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए व्यापक प्रबंध भी किए हैं। इसके अलावा, रेलवे के वाणिज्यिक और अन्य कर्मचारियों द्वारा यात्रियों की सहायता की जा रही है और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली से यात्रियों को प्लेटफार्मों पर अनावश्यक भीड़ से बचने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### हावड़ा डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर लगाए गए कोच इंडिकेशन बोर्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने हावड़ा डिवीजन के 15 प्रमुख स्टेशनों पर कोच इंडिकेशन बोर्ड (सीआईबी) की स्थापना की योजना को मंजूरी दी है और इसे लागू करना शुरू कर दिया है। यह पहल यात्रियों की सुविधा को बढ़ाने और ट्रेन में चढ़ने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए की गई है। जिन स्टेशनों पर यह कार्य चल रहा है, उनमें सैंथिया, बोलपुर, पाकुर, रामपुरहाट, श्रीरामपुर,शेउराफुली, चिनसुरा, चंदन नगर, कामारकुंड, गुस्कारा, प्रांतिक, अहमदपुर जंक्शन, मल्लारपुर और नलहाटी शामिल हैं। इन बोर्डों की स्थापना से यात्रियों को कई लाभ होंगे। यह प्रणाली उन्हें उनके आरक्षित कोच का सही स्थान पहले से ही बताने में मदद करेगी, जिससे प्लेटफार्म पर अंतिम समय की घबराहट और भीड़ कम होगी। कोच इंडिकेशन बोर्ड यात्रियों को सही कोच स्थान पर मार्गदर्शन करने में मदद करेगा, जिससे भीड़ का बेहतर वितरण होगा और चढ़ने-उतरने की प्रक्रिया सुरक्षित होगी। इसके अलावा, ट्रेन के गठन की वास्तविक समय जानकारी से यात्रियों को सटीक और विश्वसनीय सूचना प्राप्त होगी।

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर अलिपुर में कार्यक्रम आयोजित



**कोलकाता :** अलिपुर स्थित सूचना और संस्कृति विभाग में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत से हुई।

इस अवसर पर जिला शासक सुमित गुप्ता, अतिरिक्त जिला शासक (विकास) सौमेन पाल, और सूचना व संस्कृति विभाग की अधिकारी अनन्या मजूमदार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मातृभाषा के महत्व पर चर्चा की गई और भाषा एवं संस्कृति को संरक्षित रखने का संकल्प लिया गया।

# बेलमुरी रेलवे स्टेशन के पास टली रेल दुर्घटना



**हुगली :** हावड़ा बर्दवान कॉर्ड लाइन शाखा के बेलमुरी रेलवे स्टेशन के नजदीक रेल फाटक के करीब रेलवे लाइन पर दरार देखी गई, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। हावड़ा-बर्दवान कॉर्ड लाइन शाखा पर बेलमुरी स्टेशन के पास दरार की खबर मिलने के बाद रेलवे कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। लाइन की मरम्मत का काम तेजी से शुरू हुआ। 12509 अप एसएमवीटी (बैंगलोर) गुवाहाटी एक्सप्रेस करीब आधे घंटे तक वहां रुकी रही। बताया जा रहा है कि एक्सप्रेस ट्रेन बेंगलुरु से हावड़ा आने के बाद गुवाहाटी लौट रही थी। ट्रेन काफी देर तक यात्रियों के साथ लाइन पर खड़ी रही। स्थानीय निवासियों ने लाइन में बड़ी दरार देखी और रेलवे गेटमैन को इसकी सूचना दी। गेटमैन ने सिग्नल लाल कर दिया और ट्रेन रोक दी। लाइन की शीघ्र मरम्मत के बाद ट्रेनों का परिचालन पुनः शुरू कर दिया गया है। पूर्वी रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी दीप्तिमय दत्ता का कहना है कि तापमान में बदलाव के कारण लाइनों पर दरारें आ जाती हैं। बेलमुरी में गेट संख्या 40 के पास दरार दिखाई दी। इसकी तुरंत मरम्मत कर दी गई। रेल यातायात भी सामान्य हो गया है।

### हिंदवेयर स्मार्ट अप्लायंसेज ने स्मार्ट फीचर्स के साथ हिंदवेयर बीएलडीसी चिमनी किया पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** हिंदवेयर ने अपनी नई इमेल्डा बीएलडीसी चिमनी के साथ रसोई में एक नई क्रांति का आगाज किया है। यह चिमनी 2000 घन मीटर प्रति घंटा की उच्च सक्शन पावर के साथ आती है, जो धुएं, गंध और भाप को तुरंत सोख लेती है, जिससे रसोई में एक स्वच्छ और आरामदायक माहौल बनता है। इसमें 8+1 स्पीड सेटिंग्स और टर्बो बूस्ट फंक्शन हैं, जिससे आप अपनी आवश्यकता अनुसार सक्शन की तीव्रता को आसानी से नियंत्रित कर सकते हैं। थर्मल ऑटो-क्लीन तकनीक और मोशन सेंसर कंट्रोल इसके रख-रखाव और उपयोग को और भी सरल बनाते हैं। इसका आधुनिक ग्रे मैट फिनिश डिजाइन हर रसोई के लिए उपयुक्त है। हिंदवेयर इमेल्डा 3 आकारों में उपलब्ध है (60 सेमी, 75 सेमी, 90 सेमी) और इसकी कीमत 48,990 से 54,990 के बीच है। इसके साथ 3-वर्ष की उत्पाद वारंटी और 12-वर्ष की बीएलडीसी मोटर वारंटी मिलती है।

# पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम क्षेत्र के आयकर विभाग का रक्तदान शिविर आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** गर्मी के दिनों में रक्त की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से आयकर विभाग के कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शुक्रवार को प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम क्षेत्र के नेतृत्व में कोलकाता के सात आयकर कार्यालयों के साथ-साथ आसनसोल और सिलीगुड़ी में भी रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत ए. के. सिंह आयकर आयुक्त (प्रशासन) और मोहित मृणाल आयकर आयुक्त (ओएसडी) ने स्वयं रक्तदान करके की। इस कार्य में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिक स्वयंसेवकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर अपना योगदान दिया।

# मालदह के तृणमूल नेता को डी-कंपनी के नाम पर मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस जांच में जुटी

## कृष्णेंदु नारायण चौधरी की बढ़ाई गई सुरक्षा



**मालदह :** जिले में तृणमूल कांग्रेस नेता और इंग्लिशबाजार नगरपालिका के चेयरमैन कृष्णेंदु नारायण चौधरी को डी-कंपनी के नाम पर जान से मारने की धमकी दी गई है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार की सुबह 10.40 बजे कृष्णेंदु नारायण चौधरी के पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन उठाते ही कॉलर ने खुद को डी-कंपनी का प्रदीप बताते हुए धमकी दी। कॉलर ने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने भेजा गया संदेश देखा है या नहीं। जब चौधरी ने जवाब दिया कि उन्होंने कोई संदेश नहीं देखा है, तो कॉलर ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। साथ ही, यह चेतावनी दी गई कि अगर अगले दिन तक '20 पेटी (लाख)' नहीं भेजी गई तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए कृष्णेंदु नारायण चौधरी ने तुरंत इंग्लिशबाजार थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है और कॉलर के नंबर की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से मालदह जिले में लगातार राजनीतिक हिंसा बढ़ रही है। हाल ही में, दुलाल सरकार की हत्या के बाद दो अन्य नेताओं पर भी हमले हो चुके हैं। इस ताजा धमकी ने इलाके में तनाव और बढ़ा दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान और उसके पीछे की साजिश का पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी गई है। फोन करने वाले का नंबर भी जांच एजेंसियों की स्कैनिंग में है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि यह घटना किसी बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकती है।

### गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने पूर्वी भारत में संस्थागत फर्नीचर सेगमेंट में पकड़ मजबूत की

**कोलकाता :** भारत के प्रमुख फर्नीचर ब्रांडों में से एक, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का इंटेरियो, कोलकाता और पूर्वी क्षेत्र में संस्थागत, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा फर्नीचर सेगमेंट में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए तत्पर है। इस क्षेत्र में कार्यालय फर्नीचर बाजार के वित्त वर्ष 2025 तक 1,500 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो सालाना 7% की दर से बढ़ रहा है। पूर्वी बाजार के महत्व पर बोलते हुए, इंटेरियो के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और बी2बी बिजनेस हेड, समीर जोशी ने कहा, भारतीय वाणिज्यिक रियल एस्टेट बाजार तेजी से बढ़ रहा है, और इस विस्तार का सबसे अधिक लाभ पूर्वी भारत, विशेष रूप से कोलकाता को मिल रहा है। जहां तक ऑफिस स्पेस की बात है, अगले दो वर्षों में लगभग 5 मिलियन वर्ग फुट स्पेस के और जुडने की उम्मीद है। इस क्षेत्र में तेजी से हो रहे शहरीकरण और कार्यालयों, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में विकसित हो रही फर्नीचर आवश्यकताओं के कारण यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण फोकस क्षेत्र बना हुआ है।

### वेदांता को डीमर्जर की मंजूरी, पांच स्वतंत्र कंपनियां बनेंगी

**कोलकाता :** वेदांता लिमिटेड के शेयरधारकों और क्रेडिटर्स ने कंपनी को पांच स्वतंत्र, सेक्टर-फोकस्ड कंपनियों में डीमर्ज करने की मंजूरी दे दी है। डीमर्जर के तहत वेदांता लिमिटेड के प्रत्येक शेयरधारक को चार नई कंपनियों में एक-एक अतिरिक्त शेयर मिलेगा। ये कंपनियां होंगी- वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता ऑयल एंड गैस, वेदांता पावर, वेदांता आयरन एंड स्टील, और वेदांता लिमिटेड, जिसमें हिंदुस्तान जिंक भी शामिल होगी। इस बदलाव से कंपनी के प्रत्येक व्यवसाय को अधिक ध्यान और संसाधन मिलेंगे, जिससे परिचालन अधिक प्रभावी होगा। डीमर्जर के बाद स्वतंत्र कंपनियां निवेशकों, रणनीतिक साझेदारों और अन्य हितधारकों को आकर्षित कर सकेंगी। यह प्रक्रिया नियामक और सरकारी अनुमोदनों के अधीन होगी, जिसमें राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मंजूरी भी शामिल है।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर वाराणसी रेलवे स्टेशन पर की गई विशेष व्यवस्थाएं




**कोलकाता, समाज्ञा :** महाशिवरात्रि महापर्व के कारण वाराणसी रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। स्टेशन पर अलग-अलग प्रवेश और निकासी बिंदु निर्धारित किए गए हैं। स्टेशन के विभिन्न स्थानों पर प्रश्नोत्तरी और सहायता बूथ लगाए गए हैं। जहां यात्रियों को ट्रेन के समय, प्लेटफार्म की जानकारी और अन्य सामान्य सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही, प्रमुख स्थानों पर पानी के बूथ भी स्थापित किए गए हैं ताकि यात्रियों को पीने का पानी उपलब्ध हो सके। स्वास्थ्य सहायता के लिए प्राथमिक चिकित्सा बूथ भी लगाए गए हैं, जहां किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में यात्रियों को तुरंत चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। उपवास कर रहे श्रद्धालुओं के लिए तेज-ट्रैक सुविधाएं भी तैयार की गई हैं, जिसमें विशेष बैठने की व्यवस्था और त्वरित प्रवेश-निर्गमन का प्रबंध किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल ने स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है और अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती की है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसके अलावा, बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा अस्थायी होल्डिंग एरिया भी तैयार किया गया है, जहां यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेष पर्यटक सहायता के लिए समर्पित काउंटर लगाए गए हैं, जो पर्यटकों को यात्रा और आवास से संबंधित सभी जानकारी प्रदान करेंगे।

# गंगासागर जाते समय पुण्यार्थियों की बस नहर में पलटी, दर्जनों घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर जा रही एक बस हादसा ग्रस्त हो गई। पुलिस व स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त घटना चौरंगी के पास शुक्रवार की सुबह घटी। गंगासागर जाते समय एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटने से दर्जनों तीर्थयात्री घायल हो गए। घायल तीर्थयात्रियों को अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 7.30 बजे लगभग 36 तीर्थयात्रियों को लेकर एक बस कचुबेरिया बस स्टैंड से गंगासागर स्थित कपिल मुनि मंदिर की ओर जा रही थी, तभी चौरंगी इलाके के पास बस अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क के किनारे नहर में पलट गई। हादसे के बाद सुंदरवन विकास मंत्री बंकिम चंद्र हाजरा और बीडीओ कन्हैया कुमार राव घटनास्थल पर पहुंचे। गंगासागर बक्खाली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और दक्षिण 24 परगना जिला परिषद के सदस्य संदीप कुमार पात्रा ने कहा कि बस में कुल 36 यात्री सवार थे। इनमें से 33 महाराष्ट्र के निवासी थे। गंगासागर की ओर जाते समय बस का नियंत्रण खो दिया जिससे वह सड़क के किनारे नहर में गिर गई।

# कोलकाता मेट्रो में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए विशेष शिविर आयोजित



**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और यात्रियों को ऑनलाइन स्मार्ट कार्ड रिचार्ज व यूपीआई-आधारित टिकटिंग प्रणाली से परिचित कराने के लिए ब्लू लाइन, ऑरेंज लाइन और पर्पल लाइन के सभी स्टेशनों पर आज विशेष शिविर आयोजित किए गए।

इन शिविरों में मेट्रो राइड कोलकाता ऐप के उपयोग की जानकारी दी गई और यात्रियों को इसे गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉयड) व ऐप स्टोर (आईओएस) से डाउनलोड करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही, णझख-आधारित टिकटिंग प्रणाली के माध्यम से स्मार्ट कार्ड रिचार्ज और टोकन खरीदने का तरीका भी बताया गया।

यात्रियों ने डिजिटल प्रणाली में रुचि दिखाई और इसे अपनाने की इच्छा जताई। यह नया सिस्टम उन्हें बुकिंग काउंटर पर लंबी कतारों में लगने से बचा रहा है, जिससे उनका कीमती समय बच रहा है।

इसके अलावा, ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन-1 और ग्रीन लाइन-2 के मेट्रो स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टीवी पर इस सुविधा का प्रचार किया जा रहा है। मेट्रो रेलवे के सोशल मीडिया हैंडल के जरिए भी इस ऐप को लोकप्रिय बनाया जा रहा है।

गौरतलब है कि कोलकाता मेट्रो में डिजिटल लेनदेन पहले ही 30% के आंकड़े को पार कर चुका है, जिससे यह नई प्रणाली यात्रियों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है।

# टेंगरा ट्रिपल हत्याकांड : प्रणय व प्रसून पर हत्या का शक गहराया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के टेंगरा इलाके में एक घर के कमरे में एक किशोरी समेत तीन महिलाओं के शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने इस दावे को खारिज कर दिया है कि मामला खुदकुशी का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हुआ है कि तीनों महिलाओं की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या थी। इस नए खुलासे के बाद परिवार के पुरुष सदस्यों पर संदेह और गहरा गया है। लेकिन, खबर के लिखे जाने तक रहस्यमय सड़क हादसे के


शिकार दे परिवार के तीन सदस्यों यानी प्रणय, प्रसून व किशोय प्रतिप दे अस्पताल में हैं और उक्त लोगों ने स्वीकार नहीं किया है कि वारदात को उनलोगों ने अंजाम

दिया है। जबकि, अभीतक जो प्रमाण मिले है इससे लग रहा है कि प्रणय, प्रसून दे दोनों भाईयों ने उक्त वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस पहले ही सुदेशना दे के पिता की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर चुकी है। जांच में पुलिस को कई नयी जानकारी मिल रही है। टेंगरा के अटल सुर रोड स्थित दे परिवार के घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में दे परिवार के तीन सदस्य (दो भाई और एक नाबालिग) बाहर निकलते हुए दिखाई दिए। लेकिन आगे क्या हुआ यह साफ नहीं हो सका। पुलिस को घर में लगे किसी भी सीसीटीवी कैमरे से कोई जानकारी नहीं मिली है क्योंकि यहां 20 सीसीटीवी कैमरे 'निष्क्रिय' थे। घटना से कई घंटे पहले रात करीब 12.50 बजे प्रणय और प्रसून अपने बेटे प्रतीप दे के साथ गाड़ी लेकर घर से निकले। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि तीनों शांति से गाड़ी में बैठे और निकल गए। वारदात की जांच कर रही पुलिस टीम का अनुमान है कि घर की रेंज में लगे 20 सीसीटीवी कैमरे शायद पहले ही बंद कर दिए गए थे। सवाल उठ रहा है कि तो क्या दोनों भाइयों ने अपनी पत्नियों की हत्या करने से पहले सभी सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए थे? इसके बाद, वह लोग कार से भागने की योजना में थे। पुलिस इन सवालों के जवाब ढूंढने के लिए बेताब है। घटनास्थल टेंगरा में आज एनआरएस अस्पताल के फोरेंसिक विशेषज्ञ पहुंचे। उन्होंने नमूने भी एकत्र किये। ऐसा माना जा रहा है कि विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध होने पर नई जानकारी सामने आ सकती है।

# मेडिकल भर्ती घोटाला : ईडी ने राज्य के प्रभावशाली लोगों से संपर्क की जांच की

## राज्य में आठ निजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ईडी जांच के दायरे में

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी के अधिकारियों ने गैर-निवासी भारतीय (एनआरआई) कोटे के तहत राज्य में निजी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश में भारी अनियमितताओं में शामिल एक रैकेट के प्रभावशाली लोगों से जुड़े लोगों की जांच शुरू कर दी है। एजेंसी द्वारा कुछ खास सुराग मिलने के बाद जांच शुरू की गई। सूत्रों ने कहा कि प्रभावशाली लोगों से जुड़े लोगों की जांच की नई दिशा दो कारकों पर आधारित है, पहला यह कि रैकेट के सरगनाओं और कुछ स्थानीय राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लोगों के बीच कुछ संवाद था और दूसरा इस संबंध में कुछ फर्जी बैंक लेनदेन थे,




जिनके सुराग जांच अधिकारियों के पास पहले से ही मौजूद हैं। सूत्रों ने कहा कि जांच अधिकारी उन उम्मीदवारों के राजनीतिक रूप से प्रभावशाली पारिवारिक संबंधों का भी पता लगाने में सक्षम हैं, जिन्होंने कथित तौर पर एनआरआई न होने के बावजूद इस विशेष कोटे के तहत प्रवेश प्राप्त किया। राज्य में संचालित कुल आठ निजी मेडिकल कालेज और अस्पताल वर्तमान में ईडी अधिकारियों की जांच के दायरे में हैं। जांच इस विशेष सूचना के आधार पर की जा रही है कि भारी नकद भुगतान के एवज में ऐसी अनियमितताएं की गईं। बता दें कि इस मामले की जांच पिछले साल दिसंबर में कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में एक स्थानीय पुलिस स्टेशन में दर्ज एक विशेष शिकायत के आधार पर शुरू हुई थी। तब से ईडी के अधिकारियों द्वारा मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान के दो दौर हो चुके हैं, जिनमें से सबसे ताजा कार्रवाई गुरुवार को की गई।

### प्रमोटर पर गोली से हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा लिलुआ पुलिस स्टेशन के पास गोशला रोड पर एक प्रमोटर को गोली मार दी गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल प्रमोटर का नाम राजेश सिंह है। मिली जानकारी के अनुसार, राजेश सिंह रास्ते किनारे खड़े थे की तभी दो अज्ञात बदमाश बाइक से आए और उसे मारने के उद्देश्य से गोली चलायी। गोली लगने से प्रमोटर घायल हो गया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हावड़ा के एक निजी अस्पताल में राजेश सिंह को भर्ती कराया गया है। इसके बाद हावड़ा शहर के पुलिस अधिकारियों ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि डीसीपी नॉर्थ बिशप सरकार ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

## निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी के आरोप में दत्तापुकुर से एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** निवेश के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी के आरोप में कोलकाता पुलिस की साइबर सेल ने दत्तापुकुर थाना अंतर्गत नंदनपल्ली स्थित एक घर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम राजदीप सिन्हा है। वह दत्तापुकुर थाना इलाके का निवासी है। बताया गया है कि आरोपी के बैंक खाते में भारी मात्रा में लेनदेन की जानकारी मिलने के बाद यह गिरफ्तारी की गई है। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या इस घटना में कोई और भी शामिल था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिछले साल हामिद अंसारी नाम के एक शख्स ने पुलिस में शिकायत की थी कि उसका व्हाट्सएप के जरिए आरोपी से संपर्क हुआ था। आरोपी ने उसे एक ग्रुप में जोड़ लिया। आरोपी ने आरबीआई के कुछ फर्जी दस्तावेज दिखाकर हामिद को करीब 1 करोड़ 12 लाख 44 हजार रुपये का भुगतान करने के लिए राजी कर लिया। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू की। जांचकर्ताओं को पता चला कि पीड़ित व्यक्ति ने एक बार मुंबई के एक यूको बैंक में 14.32 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। जांचकर्ताओं को तब पता चला कि यह धनराशि कोलकाता स्थित आरबीएल बैंक के एक खाते में भेजी गई थी। यह आरबीएल खाता राजदीप सिन्हा के नाम पर पंजीकृत है। न केवल 14.32 लाख रुपये, बल्कि अलग से 65.30 लाख रुपये भी इसी खाते में भेजा गया। जांचकर्ताओं ने पाया कि यूको बैंक से आरोपी के खाते में 13 चरणों में धनराशि स्थानांतरित की गई थी। सारी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने 17 फरवरी को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# पेट्रापोल में चेन्नई निवासी एक व्यक्ति 99 लाख रुपये के सोने के साथ गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पेट्रापोल जांच चौकी पर एक व्यक्ति के पास से 99 लाख रुपये मूल्य का सोना बरामद किया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बल ने बताया कि आरोपी अपने गुदा नली में सोना छिपाकर इसकी तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। बल ने बताया कि जब मेटल डिटेक्टर से उसके शरीर में धातु होने का पता चला तो उसे पकड़ लिया गया। बल ने बताया कि गहन पूछताछ के दौरान संदिग्ध ने स्वीकार किया कि उसने अपनी गुदा नली के अंदर बेलनाकार आकार में सोने के तीन टुकड़े छिपा रखे थे। उसके पास से 1.13 किलो सोना बरामद




किया गया। बयान में कहा गया कि चेन्नई निवासी आरोपी को बांग्लादेश के एक तस्कर ने यह सोना दिया था, जिसे कोलकाता में एक व्यक्ति तक पहुंचाना था। इसके बदले में आरोपी को 10 हजार रुपये दिये गये थे। इसमें बताया गया कि आरोपी को गिरफ्तार करके आगे की कार्रवाई के लिए स्थानीय अधिकारियों को सौंपा गया है।

## शादी समारोह में रक्तदान शिविर का आयोजन

❑ **मानवता की अनोखी मिसाल**

**हुगली :** जिले के बांगुड़ पार्क इलाके के रहने वाले सामजसेवी व शोभा जीव कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक सनी सिंह ने अपनी भांजी की शादी में रक्तदान शिविर का आयोजन कर मानवता की अटूट मिसाल पेश की है। इस रक्तदान शिविर में 19 लोगों ने रक्तदान किया। कोलकाता के लाइफ केयर ब्लड बैंक के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 19 रक्तदाताओं का रक्त संग्रह किया। शादी समारोह में वैवाहिक मांगलिक कार्यक्रम, प्रीति भोज के साथ ही रक्तदान शिविर भी लगाया गया। सनी बताते हैं कि मानव जीवन है तभी शादी विवाह जन्मोत्सव, वार्षिकी मांगलिक कार्य संभव है। कहा कि लोगों को रक्तदान के लिए अधिक से अधिक प्रेरित करना और मानव जीवन की रक्षा करना ही उन्हें जीवन का लक्ष्य है। शादी समारोह से रक्तदान शिविर का आयोजन करके



समाज के युवाओं को जागरूक करने की एक नई पहल की है। वह खुद जन्मदिन हो या विवाह वर्षगांठ रक्तदान करते आ रहे हैं अब भांजी के विवाह में रक्तदान शिविर लगाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले 21 वर्षों से रक्तदान करते आ रहे हैं। अब तक उन्होंने 67 बार रक्तदान किया है।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय में अंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस पर बंगाली भाषा में हुई सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय में शुक्रवार को पूरे दिन बंगाली भाषा में सुनवाई हुई। दरअसल, शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस था। ऐसे में कलकत्ता उच्च न्यायालय में सुनवाई बंगाली भाषा में हुई। न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु ने यह अभिनव निर्णय लिया है। इस दिन, कोर्ट रूम 19 में सभी सुनवाई बंगाली में हुई। यद्यपि दलीलें अंग्रेजी में थीं, फिर भी न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु ने बंगाली भाषा के सम्मान को ध्यान में रखते हुए इस दिन सुनवाई बंगाली में करने का निर्णय लिया। बता दें कि कलकत्ता उच्च न्यायालय में सुनवाई आमतौर पर अंग्रेजी में होती है। वकीलों को अंग्रेजी बोलना होता है। यद्यपि, देश के कई उच्च न्यायालयों में



वकीलों ने हाल ही में अंग्रेजी के अलावा हिंदी में भी वकालत शुरू कर दी है, लेकिन कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपनी विशिष्टता बरकरार रखी है। बता दे कि हालांकि, कलकत्ता उच्च न्यायालय में यह पहला प्रयास नहीं है। इससे पहले पूर्व जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय की अदालत में एक सप्ताह तक बंगाली में कई महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई हुई थी।

### सोदपुर के मैदान में मिला मानव खोपड़ी, इलाके में सनसनी

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना के सोदपुर में अमराबती खेल मैदान के पास एक मानव खोपड़ी मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को वहां खुदाई के दौरान मजदूरों ने खून से सनी खोपड़ी देखी, जिसके बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।सूचना मिलने पर खड़दह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और खोपड़ी को बरामद कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि खोपड़ी वहां कैसे आई और इसके पीछे कौन जिम्मेदार हो सकता है। हालांकि, स्थानीय लोग इस पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 11वीं और 12वीं में कैलकुलेटर के इस्तेमाल पर जारी की संशोधित दिशानिर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा**

उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कैलकुलेटर के इस्तेमाल को लेकर बड़ा फैसला लिया है। उच्च माध्यमिक में सेमेस्टर प्रणाली पहले ही लागू हो चुकी है। जहां परीक्षा लेने के तरीके से लेकर पाठ्यक्रम तक में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। बता दें कि कुछ महीने पहले शिक्षा संसद ने एक अधिसूचना जारी कर कहा था कि सेमेस्टर प्रणाली में कैलकुलेटर का उपयोग नहीं किया जा सकता। इस बार, शिक्षा संसद ने दिशानिर्देश बदल दिए। नये नियमों के अनुसार, शिक्षा परिषद ने पहले घोषणा की थी कि 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए कुल चार सेमेस्टर में परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। जटिल गणनाओं को शीघ्रता से हल करने के लिए छात्रों द्वारा चुने गए विषयों में प्रायोगिक विषयों में कैलकुलेटर के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। परिणामस्वरूप, छात्र चिंतित थे। इस बार, उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इन्हें ध्यान में रखते हुए नियमों में बदलाव किया है। उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने कहा कि हमने 2025-26 शैक्षणिक वर्ष से कैलकुलेटर के उपयोग की अनुमति दे दी है। हालांकि, छात्र केवल नियमित कैलकुलेटर का ही उपयोग कर सकेंगे, वैज्ञानिक कैलकुलेटर का नहीं।

# मुख्यमंत्री ममता सभी धर्मों का सम्मान करती हैं : कुणाल घोष

## तृणमूल नेता का दावा, शुभेंदु अधिकारी नाटक करने के लिए महाकुंभ गए

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के महाकुंभ को 'मृत्यु कुंभ' बताने वाले बयान के बचाव में अब पार्टी के नेता उतर आए हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने कहा कि मुख्यमंत्री सभी धर्मों का सम्मान करती हैं। कुणाल घोष ने शुक्रवार को कहा कि ममता दीदी महाकुंभ का आदर करती हैं। वह हिंदू हैं और सभी धर्मों का आदर करती हैं। हिंदू परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद उनमें सभी धर्मों के लिए सम्मानजनक भावना है। ममता बनर्जी ने महाकुंभ में लापरवाही



के कारण हुए हादसे की आलोचना की। अपनी गलती छुपाने के लिए भाजपा वाले गुमराह करके कैंपेन चला रहे हैं। दीदी तो महाकुंभ का आदर करती हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर भाजपा सरकार को जिस तरह से आयोजन करना चाहिए था, वह नहीं हुआ है और शुभेंदु अधिकारी नाटक करने के लिए महाकुंभ में गए हैं। उन्होंने संगम में पूरी डुबकी भी नहीं लगाई। कुणाल घोष ने संगम के पानी की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों पर कहा कि संगम, महाकुंभ और मां गंगा बहुत ही पवित्र हैं, उसके प्रति हमारी श्रद्धा है। हालांकि, वहां कुप्रबंधन देखने को मिल रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर भी ठीक से काम नहीं कर रहा है। सरकार ने सिर्फ हाइप बना दिया है, इसीलिए तो परेशानियां हो रही हैं।

### माणिकतला में व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**कोलकाता :** कोलकाता के माणिकतला इलाके में एक 67 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान अरूप रॉय चौधरी के रूप में हुई है, जो बागमारी लेन स्थित केआईटी स्कीम इंडस्ट्रियल नामक रिहायशी इमारत के फ्लैट नंबर 15 में रहते थे। वह इमारत की दूसरी मंजिल पर अपने कमरे में बेहोश हालत में पाए गए। परिजनों द्वारा उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल, माणिकतला थाना मामले की जांच कर रहा है।

## पश्चिम बंग हिंदी भाषी समाज का मातृ भाषा दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**हावड़ा, समाज्ञा :** पश्चिम बंग हिन्दी भाषी समाज हावड़ा जिला कमेटी के तरफ से शुक्रवार को अंर्तराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस शिवपुर ट्राम डिपो में मनाया गया। संगठन के तरफ से भाषा दिवस के अवसर पर चित्रकला एवं कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में बस्ती के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पश्चिम बंग हिन्दी भाषी समाज हावडा. जिला कमेटी सचिव शैलेंद्र कुमार राय, शम्शुद्दीन अंसारी, शकील अहमद, माया साव, जितेंद्र यादव, गणेश साव, श्रृतुजीत दासगुप्ता आदि के नेतृत्व सहित आम लोग एवं बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर जिला सचिव शैलेंद्र कुमार राय ने अंर्तराष्ट्रीय भाषा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

# पूर्व रेलवे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कर्मचारियों को प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान से नवाजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने अपने कर्मचारियों और डिवीजनों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कारों और सम्मान से नवाजा। इस अवसर पर महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर ने आसनसोल डिवीजन को ओवरऑल एफिशियेंसी शील्ड सौंपा, जबकि मालदह डिवीजन को ओवरऑल एफिशियेंसी रनर्स-अप शील्ड प्रदान की। यह पुरस्कार 69वें रेलवे सप्ताह उत्सव (विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2022-23 और 2023-24) के तहत सियालदह के बी.सी. रॉय इंस्टीट्यूट में आयोजित किए गए। इसके साथ ही, महाप्रबंधक और अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार ने विभिन्न डिवीजनों, कार्यशालाओं और विभागों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुल 37 शील्ड और कप प्रदान



किए। इन पुरस्कारों के अतिरिक्त, विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के तहत 2022-23 और 2023-24 में उनके समर्पित और शानदार प्रदर्शन के लिए पूर्व रेलवे के 154 कर्मचारियों और अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार समारोह में ईआरडबल्यूडबल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देऊस्कर भी उपस्थित रहे। समारोह में बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि पूर्व रेलवे के कर्मचारियों और अधिकारियों ने सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं और अधिकतम उपलब्धियां हासिल की हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, डिवीजनल रेलवे मैनेजर, प्रमुख कार्यशाला प्रबंधक और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### अदीश्वर ऑटो राईड इंडिया ने इटैलियन परफोर्मेन्स को बेजोड़ कीमतों पर किया उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** अदीश्वर ऑटो राईड इंडिया ने मोटो मोरिनी सीमेजो 650 रेंज की कीमतों में बदलाव कर इसे भारतीय उपभोक्ताओं के लिए और भी सुलभ बना दिया है। यह घोषणा मोटो वॉल्ट और मोटो मोरिनी के लिए एएआरई के 2025 दृष्टिकोण के तहत की गई है, जो भारतीय बाजार में ब्रांड की पहुंच और अपील बढ़ाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब, एमवाय-2025 सीमेजो 650 स्क्रैम्बलर और रेट्रो स्ट्रीट मॉडल्स को नई कीमतों पर पेश किया गया है। नई एक्स-शोरूम कीमतें (20 फरवरी, 2025 से लागू) के अनुसार, एमएम सीमेजो 650 रेट्रो स्ट्रीट की कीमत 4,99,000 और एमएम सीमेजो 650 स्क्रैम्बलर की कीमत 5,20,000 रखी गई है। एएआरआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, विकास झबख ने कहा, हम इन शानदार मोटरसाइकलों को भारतीय राइडरों के लिए अधिक सुलभ बनाने पर गर्व महसूस करते हैं। अब, ग्राहक मोटो वॉल्ट की डीलरशिप पर जाकर सीमेजो 650 रेंज का अनुभव कर सकते हैं।

### कसबा में नाबालिग लड़की ने की आत्महत्या

**कोलकाता :** कोलकाता के कसबा इलाके में एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना एन. सी. चौधरी रोड स्थित दो मंजिला रिहायशी इमारत के पहले तल पर हुई। लड़की अपने कमरे में छत के पंखे से 'दुपट्टे' की मदद से लटकी हुई मिली। परिजनों द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां एम. आर. बंगुर अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल, कसबा थाना मामले की जांच कर रहा है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रहा है।

# आरामबाग अदालत में बढ़ रहे तलाक के मामले, कानूनी विशेषज्ञों ने जताई चिंता

**हुगली :** आरमबाग महकमा अदालत में शादी के बाद तलाक के मामलें बढ़ते जा रहे हैं। दंपति अदालत पहुंच कर एक-दूसरे के खिलाफ केस दायर कर रहे हैं, जिनमें से अधिकांश मामले विवाहेतर संबंधों से जुड़े हैं। दूसरी ओर, हाल ही में बालिग हुए युवक-युवतियां गुपचुप तरीके से स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी कर रहे हैं, लेकिन ये शादियां भी जल्द ही टूट रही हैं। संबंधों में बढ़ते यह बदलाव चिंता का विषय बना हुआ है।

भारत में विवाहेतर संबंध कोई अपराध नहीं है। वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि विवाहेतर संबंध तलाक का आधार बन सकता है, लेकिन इसके लिए किसी तीसरे व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। हालांकि, इसका वैवाहिक जीवन पर पड़ने वाले असर



को लेकर कानूनी विशेषज्ञों में तकरार जारी है। सूत्रों के अनुसार, 2020 तक आरामबाग महकमा अदालत में हर साल लगभग 200 तलाक के मामले दर्ज होते थे। अब यह संख्या बढ़कर 300 से अधिक हो गई है। हर महीने औसतन अधिक मामले दर्ज हो रहे हैं।

**पिछले 5 वर्षों के आंकड़ों के अनुसार:**

| वर्ष | मामले |
|---|---|
| ❑ 2021: | 306 मामले |
| ❑ 2022: | 397 मामले |
| ❑ 2023: | 371 मामले |
| ❑ 2024: | 416 मामले |
| ❑ 2025 (जनवरी-फरवरी तक): | 74 मामले |

इस बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण युवा जोड़ों द्वारा स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत जल्दबाजी में की गई शादियां और फिर उनका जल्दी टूटना माना जा रहा है।

कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि कुछ युवा केवल साथ घूमने-फिरने या एकसाथ रहने के लिए मैरिज सर्टिफिकेट का उपयोग कर रहे हैं। आरामबाग महकमा अदालत के एक सरकारी वकील के अनुसार, पिछले 5 वर्षों के आंकड़ों में दो प्रमुख बातें सामने आई हैं-पहला, तलाक के मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिनमें पहले घरेलू हिंसा और मानसिक उत्पीड़न के आरोप होते थे, लेकिन अब विवाहेतर संबंध के आरोप भी जुड़ रहे हैं। दूसरा, 18 से 25 वर्ष के युवाओं द्वारा की गई शादियां तेजी से टूट रही हैं। 100 में से 20 तलाक के मामले ऐसे ही हैं।

एक अन्य वकील ने बताया कि कई मामलों में शादी के बाद परिवार के दबाव में तलाक दायर कराया जा रहा है। कभी लड़के के परिवार वाले तो कभी लड़की के माता-पिता जबरन तलाक के लिए आवेदन करवा रहे हैं।

❑ **आरामबाग थाने में भी घरेलू हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं**

वर्ष 2024 में 47 मामले दर्ज हुए, जो सभी तलाक की ओर बढ़ रहे हैं। 2025 में (अब तक): 6 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें सभी का अंजाम तलाक ही दिख रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि बदलती सामाजिक परिस्थितियां, व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती चाहत, जल्दबाजी में लिए गए निर्णय और परिवारों के दबाव के कारण यह ट्रेंड बढ़ रहा है।

## जिले में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

**हुगली :** जिले के श्रीरामपुर महकमा अदालत परिसर में स्थित डेनिस गवर्मेंट हाउस में उपविभागीय सूचना एवं संस्कृति अधिकारी अन्वेषा गांगुली के नतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गायन, कविता पाठ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में बांग्ला भाषा की शिक्षा व संस्कृति की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। शुक्रवार की सुबह साहित्य नगरी श्रीरामपुर के गंगा घाट पर नगरपालिका की पहल पर भाषा उद्यान को नए सिरे से सजाया गया। मौके पर श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरिधारी साहा, वाईस चेयरमैन उत्तम नाग, चेयरमैन इन काउंसिल सदस्य संतोष कुमार सिंह और समीर साहा मौजूद रहे । भाषा उद्यान में अंतरराष्ट्रीय संगीत कलाकार व संगीतकार सौमेन अधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में बांग्ला भाषा की



शिक्षा व सांस्कृतिक अभ्यास की आवश्यकता पर बात की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक शोध में बांग्ला भाषा को प्राथमिकता देने के लिए आवाज उठाने की जरूरत है। श्रीरामपुर के चेयरमैन गिरिधारी साहा ने कहा कि बांग्ला भाषा को प्राथमिकता देने की जरुरत है।

रिसड़ा के रविंद्र भवन में पालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। मौके पर रिसड़ा नगरपालिका के वाईस चेयरमैन जाहिद हसन खान, पार्षद सुख सागर मिश्रा समेत पालिका के सीआईसी व पार्षद मौजूद रहे। इस दिन दिवंगत संगीत कलाकार, संगीतकार और गीतकार प्रतुल मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उप्र : बलिया में दुष्कर्म का आरोपी ग्राम प्रधान गिरफ्तार

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के फेफना थाना क्षेत्र में 40 वर्षीय एक महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने ग्राम प्रधान को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी है। फेफना के थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि फेफना थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 40 वर्षीय महिला के साथ उसके गांव के ग्राम प्रधान राहुल पासवान द्वारा तकरीबन एक माह पहले दुष्कर्म किया गया। इस मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर बृहस्पतिवार को राहुल के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी राहुल को थाना क्षेत्र के एकौनी तिराहा से गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर जेल भेज दिया है।

### महाकुंभ में स्नान करती महिलाओं के वीडियो बनाने पर प्राथमिकी दर्ज

**महाकुंभ नगर (उप्र) :** महाकुंभ में स्नान करने आई महिलाओं और लड़कियों के स्नान करते हुए वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में महाकुंभ नगर कोतवाली में 15 सोशल मीडिया एकाउंट के खिलाफ तीन प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। महाकुंभ मेले के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के लिए तैयारियों की समीक्षा करने आए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने यहां संवाददाताओं को बताया कि महिलाओं के वीडियो वायरल करने के मामले में 15 सोशल मीडिया एकाउंट्स के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उन्होंने बताया कि वीडियो वायरल करने वाले तत्वों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी ने बताया कि इसके अलावा, महाकुंभ को लेकर भ्रामक समाचार वायरल करने के मामले में अभी तक करीब 50 प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं।

### उप्र : इस बार बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे 54.37 लाख से अधिक विद्यार्थी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में 24 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा में इस बार 54.37 लाख से अधिक छात्र शामिल होंगे। उप्र सरकार के बयान के मुताबिक बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से 12 मार्च तक होगी। कुल मिलाकर, 54,37,233 छात्रों के बोर्ड परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है। इनमें से 27.32 लाख से अधिक छात्र 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, जबकि बाकी (27.05 लाख से अधिक) 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षा के लिए 8,140 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए राज्य स्तरीय एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां से 54 कंप्यूटरों का उपयोग करके निगरानी की जाती है। बयान में कहा गया है कि राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने लखनऊ में किया। उन्होंने कहा कि इसकी निगरानी जिला स्तर के साथ-साथ स्कूल स्तर पर भी की जाएगी। बयान में कहा गया है कि अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वाले छात्रों और अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने में मदद करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर : योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा के अनुरूप प्रदेश एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। योगी ने कहा कि अकेले महाकुंभ के आयोजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया आज राज्य की क्षमता देख रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक डॉ. रागिनी सोनकर के प्रश्न के जवाब में कहा, उत्तर प्रदेश ने एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है और भारत तीन नहीं पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने सपा सदस्य पर तंज कसते हुए कहा, आपकी पीड़ा को समझ सकता हूं, क्योंकि आपके नेता बोलते थे कि भारत कभी विकसित देश नहीं बन सकता इसलिए आप उनका अनुसरण हीं करेंगी। योगी ने कहा, भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2027 में भारत पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है और दुनिया की सबसे तेजी उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में सर्वाधिक विकास दर के साथ भारत आज दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है और इस पर 140 करोड़ भारतवासियों को गौरव का अहसास होना चाहिए। उन्होंने कहा, लेकिन प्रधानमंत्री की प्रेरणा के अनुरूप प्रदेश ने एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में एक बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है।



महाकुंभ के कंट्रोल रूम से निगरानी करते पुलिस जवान , चपे चपे पर नजर

## मेरे पिता 100 प्रतिशत फिट, उन्हें वोट दें: नीतीश के बेटे ने लोगों से की अपील

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत ने शुक्रवार को लोगों से इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनके पिता को फिर से सत्ता में लाने के लिए वोट देने का आग्रह किया और कहा कि कुमार 100 प्रतिशत फिट हैं। निशांत (47) ने यहां हवाई अड्डे पर पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत की, हालांकि उन्होंने राजनीति में खुद के प्रवेश की अटकलों के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। दिल्ली में एक शादी समारोह में शामिल होने गए निशांत ने कहा, यह चुनावी साल है। मैंने पहले भी लोगों से अपने पिता के लिए वोट देने का आग्रह किया है। मैंने फिर ऐसा ही किया। उन्होंने बिहार के लिए बहुत कुछ किया है। उनके सत्ता में लौटने से यह सुनिश्चित होगा कि विकास निर्बाध रूप से जारी रहेगा। उनसे उनके पिता के मुख्य प्रतिद्वंद्वी राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा जद (यू) प्रमुख के स्वास्थ्य को लेकर संदेह जताने के बारे में पूछे जाने पर निशांत ने कहा,मेरे पिता 100 प्रतिशत फिट हैं। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि निशांत जद(यू) में शामिल हो सकते हैं, जिसके पास उनके पिता के इस्तीफे की स्थिति में उत्तराधिकार की कोई योजना नहीं है। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी भी खबरें आई हैं कि वह उसी हरनौत निर्वाचन क्षेत्र से राज्य विधानसभा चुनाव में पदार्पण कर सकते हैं, जहां से दशकों पहले उनके पिता निर्वाचित हुए थे। निशांत ने हालांकि अटकलों से जुड़े सवालों का जवाब नहीं दिया और पत्रकारों की भीड़ से होते हुए जल्दी से अपनी कार में बैठ गए।

## राजस्थान : मंत्री की ''अनुचित'' टिप्पणी पर विधानसभा में हंगामा, डोटासरा सहित छह विधायक निलंबित

**जयपुर :** राजस्थान के मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के संदर्भ में एक ''अनुचित'' शब्द का इस्तेमाल किए जाने पर शुक्रवार को विधानसभा में भारी हंगामा हुआ और कांग्रेस विधायकों की नारेबाजी के बीच सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी। सदन में कथित अशोभनीय व निंदनीय आचरण करने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित पार्टी के छह विधायकों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग द्वारा रखे गए इस आशय के प्रस्ताव के पारित होने की घोषणा की। इसके बाद सदन की कार्यवाही 24 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। मुख्य सचेतक गर्ग ने विधायकों के निलंबन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा, ''मैं निवेदन करता हूं कि प्रतिपक्ष के सदस्यों द्वारा सदन में अशोभनीय और निंदनीय आचरण किए जाने के फलस्वरूप निम्नांकित माननीय सदस्यों को वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जाए... गोविंद सिंह डोटासरा, रामकेश मीणा, अमीन कागजी, जाकिर हुसैन, हाकिम अली व संजय कुमार।'' नारेबाजी व शोर शराबे के बीच देवनानी ने इस प्रस्ताव को पारित हुआ घोषित किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही 24 फरवरी पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।



## न्यूज अपडेट

### संभल हिंसा : पुलिस ने कहा, दुबई में रहने वाला गैंगस्टर पुलिस के रडार पर

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में 24 नवंबर को हुई हिंसा में संदिग्ध भूमिका के लिए फरार गैंगस्टर शारिक साटा पुलिस के रडार पर है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने बृहस्पतिवार को साटा के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया था। पिछले साल 24 नवंबर को संभल के कोट गर्वी इलाके में शाही जामा मस्जिद में अदालत के आदेश पर किए गए सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गयी और सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हो गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि साटा दुबई में रहता है और भारत में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने में उसकी कथित संलिप्तता के लिए वह जांच के दायरे में है। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने संवाददाताओं से कहा, हिंसा के सिलसिले में कुल 12 मामले दर्ज किए गए थे और उनमें से छह में आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं। 159 आरोपियों में से 80 को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 79 अभी भी फरार हैं। उन्होंने कहा कि ठोस सबूतों के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी- किसी भी निर्दोष व्यक्ति को निशाना नहीं बनाया जाएगा। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। जांच के दौरान पुलिस ने पाकिस्तान आयुध फैक्ट्री से 9 एमएम कारतूस समेत हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया था। विश्नोई ने कहा, पोस्टर लगाए जाने के बाद हमने कई लोगों की पहचान की और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

### राजस्थान : मदन राठौड़ का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय

**जयपुर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष पद पर मदन राठौड़ का बने रहना लगभग तय माना जा रहा है क्योंकि उनके अलावा किसी अन्य ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा शनिवार को की जाएगी। राठौड़ ने शुक्रवार को यहां पार्टी कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और अन्य नेताओं के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी के चुनाव अधिकारी और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने संवाददाताओं को बताया कि नामांकन पत्रों के कुल पांच सेट प्राप्त हुए हैं और सभी में मदन राठौड़ का नाम है। रूपाणी ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व प्रदेश अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों ने पांच नामांकन सेट पेश किए हैं और इन सभी ने मदन राठौड़ के नाम का प्रस्ताव रखा है। नामांकन दाखिल करने का समय अपराह्न 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक था और शाम 4.30 बजे से शाम पांच बजे तक जांच की गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेताओं से चर्चा के बाद शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे निर्वाचन की घोषणा की जाएगी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मदन राठौड़ निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने जाएंगे क्योंकि आज किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही है जो पार्टी के भीतर लोकतांत्रिक व्यवस्था का पालन करती है। राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ को पिछले साल जुलाई में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए क्षेत्रवार बसों का आवंटन, चलेंगी 1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसें : परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह



**महाकुम्भ नगर, समाज्ञा :** महाकुंभ 2025 मेला के अंतिम चरण के सफल संचालन के लिये योगी सरकार 1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसों की वृद्धि करेगी। इन बसों का क्षेत्रवार आवंटन किया गया है, जिससे कि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो। सरकार ने महाकुंभ में यात्रियों की अत्यधिक उपलब्धता को देखते हुए बसों की पूर्ति हेतु यह निर्णय लिया है।

**ड्यूटी का निर्धारण होगा सुनिश्चित**

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि स्नान एवं 20 से 28 फरवरी के लिए 1,200 बसें रिजर्व में रखी गई है, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि इसके अलावा संगम क्षेत्र में 750 शटल बसें भी चल रही हैं। उन्होंने निर्देश दिये है कि अधिकारियों, उपाधिकारियों की ड्यूटी का निर्धारण किया जाये एवं उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाये जिससे कि, बसों का सुचारू संचालन हो सके।

**छह क्षेत्रों को आवंटित की गईं बसें**

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के छह क्षेत्रों यथा सहारनपुर, मेरठ, गाज़ियाबाद, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़ से यात्रियों की कम संख्या के अनुमान के दृष्टिगत प्रयागराज के लिए 25 बसों का प्रस्थान प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि पूर्वान्चल के जिलों से आने वाले अतिरिक्त भीड़ को बसों की पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, चित्रकूट, अयोध्या एवं देवीपाटन क्षेत्र द्वारा मेला संचालन से इतर संचालित बसों को अधिकतम 300 किमी तक में ही संचालित किया जाये जिससे की आवश्यक्तानुसार शीघ्रतापूर्वक मेला क्षेत्र में भेजा जा सके।

## महाकुंभः महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान की तैयारी की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**महाकुंभ नगर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आगामी 26 फरवरी को महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि की तैयारियों की शुक्रवार को समीक्षा की। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने संवाददाताओं से कहा, हम बेहतर यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और अंतिम स्नान के साथ ही सप्ताहांत यानी शनिवार एवं रविवार के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा ना हो। उन्होंने कहा, हमने मेले में पांटून पुल, नदी में जल की मात्रा आदि देखी। गंगा नदी में अभी 11,000 क्यूसेक पानी है और यमुना में लगभग 9,000 क्यूसेक पानी है। आगामी स्नान पर्व के लिए गंगा में पानी बढ़ाने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने नाव से संगम घाटों का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को परखने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शनिवार को प्रयागराज आने का कार्यक्रम है और वह स्वयं भी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इस बीच, शुक्रवार को शाम छह बजे तक 1.16 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 13 जनवरी से अभी तक 59 करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में आकर गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं।

## असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने संगम में लगाई डुबकी



**महाकुंभ नगर (उप्र) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई। वहीं, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने भी परिवार के साथ संगम में स्नान किया। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, संगम स्नान के बाद असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिवेणी संगम केवल नदियों का संगम नहीं, बल्कि करोड़ों सनातनियों की आस्था, अध्यात्म और विरासत का महासंगम है। उन्होंने महाकुंभ को मानव और महादेव के बीच एक दिव्य सेतु बताते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमरता का प्रतीक है। यह आयोजन सिद्ध करता है कि सनातन केवल अतीत ही नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य भी है।

# 'संगम का जल स्नान योग्य', पर्यावरण वैज्ञानिकों ने कहा



- गंगा जल को लेकर केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की रिपोर्ट पर वैज्ञानिकों ने उठाए सवाल
- प्रयागराज में गंगा जल से संबंधित रिपोर्ट को जेएनयू सहित तीन विश्वविद्यालय के पर्यावरण वैज्ञानिकों ने दी चुनौती
- कहा... 'केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की रिपोर्ट अधूरी, कई मानकों का सही से उल्लेख नहीं'
- वैज्ञानिकों के यह भी माना कि गंगा का जल क्षारीय हैं जो कि स्वस्थ जल निकाय का हैं संकेत

**महाकुम्भ नगर, समाज्ञा :** महाकुम्भ में एक ओर देश-दुनिया के करोड़ों भक्त रोजाना त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में स्नान करके खुद को धन्य मान रहे हैं, वहीं हाल ही में आई केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की एक रिपोर्ट ने लोगों के मन में संदेह पैदा कर दिया था। इसी संदेह को देखते हुए देश के प्रख्यात वैज्ञानिक गंगा जल में स्नान को लेकर आई रिपोर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एक तरफ उसे अपूर्ण बता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर रिपोर्ट के अंशों को गलत ढंग के प्रसारित करने का संदेह जता रहे हैं। वैज्ञानिकों ने यह भी कहा कि नाइट्रेट और फॉस्फेट जैसे तत्वों का रिपोर्ट में उल्लेख नहीं है जो इसे अपूर्ण बनाती है। ऐसे में, केवल इस रिपोर्ट के आधार पर गंगा जल की गुणवत्ता पर सवाल उठाना ठीक नहीं रहेगा। वैज्ञानिकों ने संगम के जल को स्नान योग्य बताया है। शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान स्कूल के सहायक प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार मिश्रा, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान केंद्र के प्रोफेसर उमेश कुमार सिंह तथा दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर आरके रंजन ने एकमत स्वर में कहा कि मौजूदा रिपोर्ट के आधार पर भी गंगा जल क्षारीय है, जो कि स्वस्थ जल निकाय का संकेत है। जल में घुलनशील ऑक्सीजन की मात्रा के आधार पर इसे स्नान योग्य ही माना जाएगा।



प्रोफेसर उमेश कुमार सिंह



प्रोफेसर आरके रंजन



डॉ. अमित कुमार मिश्रा

**कोई नई बात नहीं है कोलीफॉर्म बैक्टीरिया**

प्रयागराज के पानी में फेकल बैक्टीरिया के संदूषण की रिपोर्ट पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान स्कूल के सहायक प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि हमें और अधिक डाटा सेट की आवश्यकता है। महाकुम्भ में बहुत बड़ी संख्या में लोग स्नान कर रहे हैं। अगर आप कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की बात करें, तो यह कोई नई बात नहीं है। उनके अनुसार, अगर आप अमृत स्नान के चरम के डाटा को देखेंगे, तो आप पाएंगे कि उस समय ई.कोली बैक्टीरिया चरम पर होता है। इसलिए, निष्कर्ष रूप में, मैं कहूंगा कि हमें और अधिक डाटा सेट की आवश्यकता है। हमें और अधिक मापदंडों व अधिक निगरानी स्टेशनों की आवश्यकता है, खासकर धारा के नीचे। स्नान के उद्देश्य से, 3 माइक्रोग्राम प्रति लीटर सुरक्षित है और हम कह सकते हैं कि पानी नहाने के लिए अच्छा है। लेकिन अगर आप संगम घाट के डाटा में बदलाव देखें, तो आप पाएंगे कि यह 3 के आसपास उतार-चढ़ाव कर रहा है। कभी-कभी, यह 4, 4.5 हो जाता है। इसलिए मैं कहूंगा कि घुलित ऑक्सीजन का स्तर जो हम देखते हैं वह एक बहुत ही स्वस्थ जल निकाय का संकेत है और साथ ही अगर आप पीएच रेंज देखें, तो वे सभी क्षारीय पानी है, जो कि अच्छा माना जाएगा।

**पूरा नहीं है डाटा, नाइट्रेट और फॉस्फेट का उल्लेख नहीं**

प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में पानी की गुणवत्ता पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान केंद्र के प्रोफेसर उमेश कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने एक रिपोर्ट तैयार की, जिसमें पानी में फीकल कोलीफॉर्म (बैक्टीरिया) के बढ़े हुए स्तर की बात कही गई है। मेरा मानना है कि सीपीसीबी को रिपोर्ट पर और काम करने की ज़रूरत है, क्योंकि उनके पास पूरा डाटा नहीं है। उनके अनुसार, रिपोर्ट में नाइट्रेट और फॉस्फेट का स्तर गायब है। वहीं, रिपोर्ट में दिखाए गए अनुसार पानी में घुली ऑक्सीजन का स्तर अच्छा है। ऐसे में, मौजूदा डाटा के आधार पर, यह कहा जा सकता है कि त्रिवेणी संगम का पानी नहाने के लिए उपयुक्त है।

**डाटा में काफी अंतर, 'नहाने के लिए जल अनुपयुक्त' कहना है जल्दबाजी**

प्रयागराज के गंगाजल में फीकल बैक्टीरिया के संदूषण की रिपोर्ट पर, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर आरके रंजन ने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के डाटा में काफ़ी अंतर है। यह निष्कर्ष निकालना कि पानी नहाने के लिए असुरक्षित है, दरअसल जल्दबाज़ी होगी। प्रयागराज के पानी में नहाने के लिए सुरक्षित नहीं है, यह निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त डाटा नहीं है। ऐसा ही दावा गढ़मुक्तेश्वर, गाजीपुर, बक्सर और पटना को लेकर भी किया गया है। उनके अनुसार, ऐसा होने के कई कारण हो सकते हैं। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि बड़ी संख्या में लोग एक ही पानी में नहाते हैं। यह भी मायने रखता है कि जल का नमूना कहां से और कब लिया गया है।

## आरेडिका में माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गाँधी का दौरा



**रायबरेली:** माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद रायबरेली राहुल गाँधी तथा माननीय सांसद अमेठी के एल शर्मा ने शुक्रवार को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली का दौरा किया। राहुल गांधी एवं शर्मा ने कोच फैक्ट्री के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान आरेडिका प्रशासन के द्वारा फैक्ट्री में उत्पादित होने वाले विभिन्न कोचों जैसे स्लीपर, एसी3 इकोनॉमिक, हमसफर, अन्त्योदय, एसी पेन्ट्रीकार, नॉन एसी चेयरकार, तेजस, राजधानी, भारत गौरव, मोजाम्बिक, वन्देभारत आदि के निर्माण के सभी चरणों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस वर्ष कोच का उत्पादन आमजन के उपयोग में होने वाले सामान्य तथा स्लीपर श्रेणी के कोचों पर फोक्स किया गया है जो वर्ष के कुल उत्पादन का लगभग 90 प्रतिशत है। कोचों के उत्पादन के साथ-साथ आरेडिका के अन्य कार्यों जैसे- पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, हरित ऊर्जा, कर्मचारियों की सुविधाओं एवं रेल कोच के विकास संबंधी कई मुददों पर चर्चा हुई। श्री गांधी ने भारतीय रेल को भारत का आधारभूत ढांचा और स्वदेशी तकनीक, स्वदेशी उत्पादन, कोच निर्माण में कार्य करने वाले रेलवे तथा संविदा कर्मचारियों की जानकारी ली। ज्ञात हो कि आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली की स्थापना सन 2007 में तत्कालीन माननीया सांसद रायबरेली सोनियां गाँधी के द्वारा की गई थी। राहुल गांधी ने सम्बोधन में कहा है कि रेलवे लोगों की मूलभूत आवश्यकता है तथा रेलवे में क्रांतिकारी बदलाव हुआ है। उन्होने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आरेडिका कोच के निर्माण कार्य में योगदान दे रहा है जबकि अधिकांश क्षेत्र में केवल ट्रेडिंग का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य ट्रेडिंग की तुलना में कठिन कार्य है क्योंकि इसमें डिजाइन, प्लानिंग, लॉजिस्टिक से जुडे सभी महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। समयाभाव के कारण इस बार फैक्ट्री भ्रमण नही कर सके लेकिन शीघ्र ही फैक्ट्री का भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य इंजीनियर सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक दशक बाद फिर साथ खेलेंगे तेंदुलकर और युवराज, इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में श्रीलंका से होगी भिड़त



मुंबई : भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ शुरूआती इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन मैच में एक बार फिर भारत की प्रतिष्ठित नीली जर्सी पहनकर मैदान में उतरेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 34,000 से अधिक रन और 100 शतक जड़ने वाले दिग्गज खिलाड़ी तेंदुलकर ने खेल के हर प्रारूप में दबदबा बनाया। हालांकि भारत के लिए वह सिर्फ एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेले। इससे प्रशंसकों के लिए उन्हें एक बार फिर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में भारतीय जर्सी में देखना दिलचस्प होगा। पिछले कुछ वर्षों में भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबलों ने प्रशंसकों को रोमांचित किया है। तेंदुलकर और युवराज ने अनगिनत अविस्मरणीय मुकाबले खेले हैं जिनमें से 2011 वनडे विश्व कप फाइनल का कोई मुकाबला नहीं है जिसमें भारत चैंपियन रहा था। तेंदुलकर ने कहा, 'हमने पिछले कुछ वर्षों में श्रीलंका के खिलाफ खेलते हुए कुछ अविस्मरणीय पल देखे हैं जिनमें 2011 का विश्व कप सबसे खास था।' उन्होंने कहा, 'इतने साल के बाद मैदान पर वापस आना और एक ऐसी टीम का सामना करना जो हमारे क्रिकेट के सफर का इतना बड़ा हिस्सा रही है, इसे और भी खास बनाता है।' दूसरी ओर युवराज ने 2011 विश्व कप और 2007 टी20 विश्व कप सहित भारत की कई महत्वपूर्ण जीत में अहम भूमिका निभाई है। युवराज ने कहा, 'मैं फिर से मैदान पर वापसी के लिए बेताब हूं। भारत बनाम श्रीलंका हमेशा से रोमांचक मुकाबला रहा है और मुझे पता है कि प्रशंसक भी उतने ही उत्साहित हैं जितने हम हैं।'

## 'संडेज ऑन साइकिल' बड़ा हिट, 4,000 स्थानों पर दो लाख से अधिक साइकिल चालक

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया का महत्वाकांक्षी 'संडेज ऑन साइकिल' अभियान पिछले साल दिसंबर में शुरू हुआ जिसके बाद से इसमें 4,000 स्थानों पर दो लाख से अधिक साइकिल चालकों ने हिस्सा लिया है। भारतीय साइक्लिंग महासंघ (सीएफआई) और 'माई भारत' के सहयोग से आयोजित 'फिट इंडिया मूवमेंट' के प्रमुख अभियान ने जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु और कोलकाता से लेकर औरंगाबाद तक के क्षेत्रों को कवर किया है जो स्वस्थ भारत का संदेश फैला रहा है। पिछले साल 17 दिसंबर को शुरू हुआ यह अभियान ज्यादातर देश भर के विभिन्न भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों और खेलो इंडिया केंद्रों में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले बड़े संस्थानों में भारतीय सेना, इंडिया पोस्ट, सीआरपीएफ, आईटीबीपी शामिल हैं जबकि साप्ताहिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रमुख खेल हस्तियों में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन के अलावा नीतू घंघास, स्वीटी बूरा, प्रीति पवार और पैरा निशानेबाज रुबीना फ्रांसिस शामिल हैं। इस पहल का समर्थन करने वाले अन्य शीर्ष एथलीट ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और पूर्व हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश हैं।

# रिकलटन का शतक, दक्षिण अफ्रीका 107 रन से जीता

**कराची :** दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज रेयान रिकलटन (103 रन) के पहले वनडे शतक और तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शुक्रवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में अफगानिस्तान को 107 रन से शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए रिकलटन के शतक और तीन बल्लेबाजों के अर्धशतकों की मदद से छह विकेट पर 315 रन का स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान के लिए केवल रहमत शाह (90) एकमात्र बल्लेबाज थे जो क्रीज पर टिककर खेले लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला। उनके अलावा दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर 18 रन का रहा। लगातार विकेट गंवाते हुए पूरी टीम 43.3 ओवर में 208 रन पर सिमट गई। इस तरह अफगानिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी में अपने पदार्पण मैच में हार का मुंह देखना पड़ा। दक्षिण



अफ्रीका के लिए तेज गेंदबाजों में कागिसो रबाडा ने तीन, लुंगी एनगिडी और वियान मुल्डर ने दो दो जबकि मार्को यानसेन ने एक विकेट झटका। इससे पहले रिकलटन ने आक्रमक बल्लेबाजी का नमूना पेश करते हुए 106 गेंद का सामना किया और अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का जड़ा। रिकलटन ने कप्तान तेम्बा बावुमा (58 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 129 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। बावुमा (76 गेंद, पांच चौके) के अलावा टीम के लिए रासी वान डर डुसेन (52 रन, तीन चौके, दो छक्के) और ऐडन मारक्रम (नाबाद 52 रन, छह चौके, एक छक्का) ने भी अर्धशतकीय पारियां खेलकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मैदान में अफगानिस्तान के समर्थकों की भरमार थी। अफगानिस्तान के गेंदबाजों का प्रदर्शन उनकी ख्याति के अनुरूप नहीं रहा जिसमें राशिद खान को कोई विकेट नहीं मिला जिन्होंने 10 ओवर में 59 रन दिए। टीम के लिए अनुभवी स्पिनर मोहम्मद नबी ने 51 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए जबकि फजलहक फारूकी, अजमतुल्लाह ओमरजई और नूर अहमद को एक एक विकेट मिला। बाएं हाथ के बल्लेबाज रिकलटन ने स्पिनर राशिद और नबी तथा चाइनामैन नूर अहमद के खिलाफ अच्छा फुटवर्क दिखाते हुए उन्हें दबाव नहीं बनाने दिया। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने मजबूत बैकफुट का भी अच्छा नजारा पेश करते हुए कट और पुल शॉट लगाए। पर 36वें ओवर में दुर्भाग्यशाली रहे और रन आउट हो गए।

## राहुल को पंत पर प्राथमिकता देने के फैसले का समर्थन किया गांगुली ने

**कोलकाता :** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि केएल राहुल को वनडे में शानदार रिकार्ड के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में ऋषभ पंत पर प्राथमिकता दी गई है। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने आईसीसी के इस टूर्नामेंट के लिए राहुल को पहली पसंद का विकेटकीपर बल्लेबाज बनाया है जिसके कारण पंत को बाहर बैठना पड़ रहा है। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'भारत बहुत मजबूत टीम है विशेष कर बल्लेबाजी में। पंत बहुत अच्छा खिलाड़ी है लेकिन राहुल का वनडे में शानदार रिकॉर्ड है। इसलिए मुझे लगता है कि गौतम गंभीर राहुल का समर्थन कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'इन दोनों में से किसी एक का चयन करना बेहद मुश्किल काम है क्योंकि दोनों ही बेजोड़ खिलाड़ी हैं।' भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष



गांगुली ने विश्वास जताया कि विराट कोहली लेग स्पिन खेलने की कमजोरी से उबरने में सफल रहेंगे और उन्होंने भारत को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का प्रबल दावेदार भी बताया। उन्होंने कहा, 'भारत के पास छठे नंबर तक ऐसे बल्लेबाज हैं जो शतक जड़ सकते हैं और मैच जीत सकते हैं। अगर अक्षर पटेल पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आते हैं तो इससे भारतीय बल्लेबाजी की गहराई का पता चलता है।

## भारत राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी, 2026 में छोड़े गए खेलों के आयोजन का इच्छुक

**नयी दिल्ली :** भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का इच्छुक है और 2026 में ग्लास्गो खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भी यहां कराने के लिये तैयार है ताकि देश की पदक तालिका पर असर नहीं पड़े। खेल मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा, 'हम राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के इच्छुक हैं और इस मसले पर राष्ट्रमंडल खेल महासंघ से औपचारिक बात हो चुकी है। हमने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भारत में कराने का भी अनौपचारिक प्रस्ताव रखा है।' राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की इच्छा जताने का पत्र सौंपने की आखिरी तारीख 31 मार्च है और मंत्रालय सूत्रों ने कहा कि प्रक्रिया जल्दी ही पूरी की जायेगी। भारत में एकमात्र राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली में 2010 में आयोजित हुए थे। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे खेल बाहर किये जाने से भारत की पदक उम्मीदों को झटका लगा है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बजट में कटौती के लिये सिर्फ दस खेल शामिल किये गए हैं। सूत्र ने कहा, 'हमने यह प्रस्ताव इसलिये रखा है ताकि हमारे पदकों की संख्या पर असर नहीं पड़े। अनौपचारिक प्रस्ताव रखा जा चुका है और हमें जवाब का इंतजार है।' ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किये जायेंगे। हाल ही में भारत का दौरा करने वाली राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की सीईओ कैटी सेडलेयर ने कहा था कि ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की आकांक्षाओं को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से बल मिलेगा।

## न्यूज अपडेट

### भारत ने पुरुष एफआईएच प्रो लीग हॉकी में आयरलैंड को 3-1 से हराया

**भुवनेश्वर :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को एफआईएच प्रो लीग में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आयरलैंड को 3-1 से हरा दिया। भारतीय टीम को आठवें मिनट में आयरलैंड ने चौंका दिया जब जेरेमी डंकन ने मैदानी प्रयास से गोल किया। लेकिन भारतीयों ने जोरदार वापसी की और 22वें मिनट में मंदीप सिंह के जरिए मैदानी गोल किया। इसके बाद जरमनप्रीत सिंह (45वें मिनट) और सुखजीत सिंह (58वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से एक-एक गोल करके भारत को जीत दिलाई। भारत अब शनिवार को 'रिटर्न लेग' मैच में आयरलैंड से भिड़ेगा। भारत फिलहाल पांच मैचों में नौ अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

### सभी चयन ट्रायल कैमरे के सामने होंगे, मंत्रालय और साइ के अधिकारी भी होंगे मौजूद

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिये भारतीय टीम के चयन में पारदर्शिता लाने की कवायद में सभी चयन ट्रायल अब कैमरे के सामने होंगे जिसमें खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी मौजूद होंगे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। पिछले कुछ अर्से में चयन से जुड़े मसलों के अदालत तक जाने के मद्देनजर खेल मंत्रालय ने मेरिट के आधार पर चयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये यह फैसला लिया है। सूत्र ने कहा, 'अक्सर यह देखा जाता है कि चयन मामलों को लेकर विवाद होते हैं और वे अदालत तक जाते हैं जिससे खिलाड़ियों पर असर पड़ता है। इसलिये हमने अब से सारे चयन ट्रायल कैमरे के सामने पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में कराने का फैसला लिया है।' उन्होंने कहा, 'चयन प्रक्रिया के दौरान मंत्रालय और साइ के अधिकारी मौजूद होंगे।' सूत्र ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय खेल महासंघों और खिलाड़ियों के बीच समन्वय को बढावा देने के लिये दिल्ली के विभिन्न स्टेडियमों में महासंघों को कार्यालय खोलने के लिये जगह दी जायेगी।

### भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में जर्मनी से 0-4 से हारी

**भुवनेश्वर :** भारतीय महिला हॉकी टीम का शुक्रवार को एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उसे जर्मनी से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। जर्मनों ने शुरू से अंत तक मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। उसके लिए एमिली वोर्टमैन (तीसरे मिनट) और सोफिया श्वाबे (18वें, 47वें मिनट) ने तीन मैदानी गोल दागे। फिर जोहाने हैचेनबर्ग ने 59वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। जर्मनों ने मैच में 10 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जबकि भारत को केवल दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को फिर से जर्मनी से होगा। भारत चार मैच में छह अंक लेकर नौ टीम की तालिका में सातवें स्थान पर है जबकि जर्मनी छह मैच में सात अंक लेकर उससे एक पायदान ऊपर है।

### संधू ने गुजरात ओपन के अंतिम राउंड में दबदबा बनाकर लगातार दो खिताब जीते

अहमदाबाद : चंडीगढ़ के गोल्फर युवराज संधू ने शुक्रवार को यहां एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में पांच शॉट की प्रभावशाली जीत दर्ज करके लगातार दो खिताब अपने नाम किए। संधू (32-34-68-65) ने पिछले सप्ताह कोलकाता में सत्र का शुरूआती टूर्नामेंट भी जीता था। उन्होंने यहां 'ग्लेड वन गोल्फ रिसॉर्ट एंड क्लब' में अंतिम राउंड में सात अंडर 65 के शानदार स्कोर से दबदबा बनाया जो दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। सत्ताईस साल के संधू का कुल स्कोर 17 अंडर 199 का रहा। उन्होंने 2025 में अभी तक दोनों टूर्नामेंट में जीत हासिल की। दिल्ली के सप्तक तलवार (34-34-69-67) अंतिम दौर में 67 का कार्ड खेलकर 12 अंडर 204 के स्कोर से उप विजेता रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### आरबीआई ने व्यक्तियों, छोटे कारोबारों के व्यावसायिक ऋणों पर पूर्व भुगतान शुल्क हटाने का प्रस्ताव किया

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को व्यक्तियों और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के व्यावसायिक ऋणों पर लगाए जाने वाले पूर्व भुगतान शुल्क को हटाने का प्रस्ताव किया। मौजूदा मानदंडों के अनुसार, विनियमित संस्थाओं (आरई) की कुछ श्रेणियों को व्यक्तिगत कर्जदारों द्वारा व्यवसाय के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए स्वीकृत फ्लोटिंग दर अवधि ऋणों पर पूर्व भुगतान शुल्क लगाने की अनुमति नहीं है। आरबीआई के मसौदा परिपत्र में कहा गया, 'टियर-1 और टियर-2 सहकारी बैंकों और शुरुआती स्तर के एनबीएफसी के अलावा उसके दायरे में आने वाली इकाइयां व्यक्तियों और एमएसई कर्जदारों द्वारा व्यावसायिक उद्देश्य के लिए लिए गए फ्लोटिंग दर ऋण के पूर्व भुगतान पर कोई शुल्क/जुर्माना नहीं लगाएंगे।' हालांकि, मझोले उद्यमों के मामले में ये निर्देश प्रति कर्जदार 7.50 करोड़ रुपये की कुल स्वीकृत सीमा तक लागू होंगे।

### रिजर्व बैंक ने मानदंडों के उल्लंघन के लिए सिटी बैंक पर जुर्माना लगाया

**मुंबई :** रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने बड़े कर्ज से संबंधित निर्देशों का पालन न करने और क्रेडिट सूचना कंपनियों को संबंधित जानकारी देने में देरी के लिए सिटी बैंक पर 39 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि बैंक के पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण 31 मार्च, 2023 तक इसकी वित्तीय स्थिति के संदर्भ में किया गया था। रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के आधार पर, सिटी बैंक एन.ए. को एक नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में उसे कारण बताने की सलाह दी गई थी कि रिजर्व बैंक के उक्त निर्देशों का पालन करने में विफल रहने के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए।

# निर्यात बढ़ाकर भारत-जापान व्यापार को संतुलित करने के प्रयास जारी: गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और जापान के बीच निर्यात बढ़ाकर द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित करने के प्रयास जारी हैं। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान जापान को भारत का निर्यात 21.12 प्रतिशत बढ़कर 5.1 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 9.1 प्रतिशत बढ़कर 15.92 अरब डॉलर रहा। इससे जापान के पक्ष में 10.82 अरब डॉलर का व्यापार घाटा रह गया। वित्त वर्ष 2023-24 में जापान को भारत का निर्यात 5.15 अरब डॉलर तथा आयात 17.7 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा 12.55 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय ने मंत्री के हवाले से एक बयान में कहा, भारत और जापान के बीच व्यापार को संतुलित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें पारस्परिक लाभ सुनिश्चित करने के लिए भारतीय निर्यात को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। गोयल ने भारत-जापान अर्थव्यवस्था और निवेश मंच में अपने मुख्य भाषण में यह बात कही। उन्होंने जापानी कंपनियों को हरित ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर के उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण,



इलेक्ट्रॉनिक सामान और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए भी आमंत्रित किया। दोनों देशों ने 2011 में एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा गया। भारत में 1,400 से अधिक जापानी कंपनियां काम कर रही हैं और आठ राज्यों में 11 औद्योगिक टाउनशिप जापानी उद्यमों की मेजबानी कर रहे हैं। गोयल ने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद 'हाई-स्पीड' रेल और दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु और चेन्नई में मेट्रो प्रणाली जैसी प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं भारत के विकास में जापान की सक्रिय भागीदारी को दर्शाती हैं। उन्होंने निकट भविष्य में मुंबई और अहमदाबाद के बीच शिंकानसेन बुलेट ट्रेन सेवा शुरू होने की उम्मीद जताई। भारत को 2000 से 2024 के बीच जापान से 43 अरब डॉलर से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त हुआ है, जिससे यह भारत का पांचवां सबसे बड़ा विदेशी निवेश स्रोत बन गया है। इसके अलावा, मंत्री ने कहा कि दोनों देश वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी ब्रांड बनाने के लिए सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने मारुति द्वारा जापान सहित विभिन्न देशों को वाहनों के निर्यात का उदाहरण दिया। गोयल ने भारत के जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा बढ़ाकर 25 प्रतिशत (वर्तमान लगभग 16-17 प्रतिशत) करने के उद्देश्य को दो-हराया। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में जापान की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## मोदी सोमवार को पीएम-किसान की 19वीं किस्त जारी करेंगे, किसानों को मिलेंगे 22,000 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इसमें 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में लगभग 22,000 करोड़ रुपये सीधे स्थानांतरित किए जाएंगे। सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को हर चार महीने में 2,000 रुपये देती है। इस तरह तीन बराबर किस्तों में कुल 6,000 रुपये का वार्षिक लाभ मिलता है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'प्रधानमंत्री 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में एक समारोह में पीएम-किसान की 19वीं किस्त जारी करेंगे।' उन्होंने कहा कि 9.8 करोड़ किसानों को कुल 22,000 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। चौहान ने कहा कि 18वीं किस्त में लाभार्थियों की संख्या 9.6 करोड़ थी, जो अब बढ़ गई है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत अब तक कुल 3.46 लाख करोड़ रुपये दिए हैं और अगले सप्ताह 19वीं किस्त जारी होने



के बाद यह राशि बढ़कर 3.68 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। फरवरी 2019 में शुरू की गई पीएम-किसान दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना है और इसने किसानों को बीज और उर्वरकों की खरीद के लिए अपने खर्चों को पूरा करने में मदद की है। पंजाब में प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत के बारे में पूछने पर चौहान ने कहा कि सरकार कृषक समुदाय के साथ बातचीत कर रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार उत्पादन बढ़ाने, खेती की लागत कम करने, किसानों की आय बढ़ाने और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## शेयर बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 425 अंक टूटा

मुंबई : वाहन शेयरों में बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रहने से प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख और शुल्क लगाने की चेतावनियों ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 424.90 अंक यानी 0.56 प्रतिशत गिरकर 75,311.06 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 623.55 अंक यानी 0.82 प्रतिशत टूटकर 75,112.41 पर आ गया था। इस तरह, एनएसई निफ्टी 117.25 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरकर 22,795.90 पर आ गया। चार कारोबारी दिनों में बीएसई सेंसेक्स 685.8 अंक टूटा जबकि निफ्टी में 163.6 की गिरावट आई। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड, जोमैटो, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अल्ट्राटेक सीमेंट भी नुकसान में बंद हुए। दूसरी ओर लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, लार्सन एंड टूब्रो, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और एनटीपीसी शामिल हैं। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि एफआईआई की लगातार निकासी, रुपये में गिरावट, महंगे मूल्यांकन और अमेरिका के शुल्क लगाने की आशंका जैसे नकारात्मक कारकों के चलते निवेशक भारतीय शेयर बाजारों से दूर हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय शेयर बाजारों ने एशियाई और यूरोपीय बाजारों की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 3,311.55 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 1.18 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक में 0.43 प्रतिशत की गिरावट आई

## मेरे कार्यकाल में केरल में तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी होंगी:गडकरी

**कोच्चि :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान केरल में तीन लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी की जाएंगी, जिनमें 50,000 करोड़ रुपये की आगामी परियोजनाएं भी शामिल हैं। गडकरी ने केरल निवेश वैश्विक शिखर सम्मेलन (आईकेजीएस) को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि सड़क क्षेत्र राज्य के लिए महत्वपूर्ण है और इसमें पर्यटन की वृद्धि की संभावना का भी उल्लेख किया। केरल अपने बुनियादी ढांचे के विकास के




लिए पर्याप्त प्रयास कर रहा है। गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्य में 20,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी की हैं और 60,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं जारी हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे केरल के लिए कुछ नई परियोजनाओं की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है... सड़क क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है...हमारे पास 896 किलोमीटर लंबी 31 परियोजनाएं हैं जिनकी लागत 50,000 करोड़ रुपये है।' उन्होंने कहा, 'केंद्र सरकार राज्य में सभी प्रकार के विकास का समर्थन करेगी। सड़क क्षेत्र में कम से कम मेरे कार्यकाल में हम केरल में तीन लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी करेंगे।'

## एकाग्रता बढ़ाइए, भटकाव से बचिए: वैष्णव ने युवाओं से कहा

**नयी दिल्ली :** रेल, आईटी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि संभावित नतीजों और कमजोरियों की पहचान करके निर्णय लेने की प्रक्रिया को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने 'सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव' में युवाओं से कहा कि वंदे भारत परियोजना के शुभारंभ ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव किया। वैष्णव ने बताया कि उन्होंने संभावित बाधाओं की एक सूची बनाई, जो परियोजना को प्रभावित कर सकती हैं। वंदे भारत परियोजना में सबसे बड़ी



चुनौती विभिन्न प्रौद्योगिकियों को जोड़ना था। उन्होंने युवाओं से एकाग्रता बनाये रखे और ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहने का आह्वान किया। प्रभावी नेतृत्व के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेना जरूरी है। वैष्णव ने कहा कि उस एक चीज पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जो इस समय सबसे महत्वपूर्ण है। मंत्री ने कहा कि वह महत्वपूर्ण परियोजनाओं की योजना बनाने और विचार-विमर्श करते समय खुद को ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रखते हैं। नौकरशाह और मंत्री होने के बीच अंतर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि नौकरशाहों को मौजूदा नियमों के भीतर सोचना होगा, जबकि राजनेता नए नियमों के बारे में सोच सकते हैं।

### सोना 700 रुपये टूटकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी 300 रुपये फिसली

**नयी दिल्ली :** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की कमजोर मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 700 रुपये टूटकर 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। इसके साथ मूल्यवान धातु रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आ गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 700 रुपये घटकर 88,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कमजोर वैश्विक रुझानों के कारण भी गिरावट को बल मिला। स्थानीय बाजार में चांदी की भी कीमत 300 रुपए गिरकर एक लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई।

### भारत को अपने फायदे के लिए शुल्क में कटौती की जरूरत: नीति आयोग सीईओ

**नयी दिल्ली :** नीति आयोग के सीईओ बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने शुक्रवार को कहा कि शुल्क से किसी देश की रक्षा नहीं होती। उन्होंने कहा कि इस बात पर ध्यान दिए बिना कि शुल्क घटाने के लिए कौन कह रहा है, भारत को अपनी भलाई के लिए शुल्क में कटौती करने की जरूरत है। सुब्रह्मण्यम ने अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के 69वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि अगर भारत एक विकसित देश बनना चाहता है, तो दुनिया के लिए खुला रहना उसकी शीर्ष पांच प्राथमिकताओं में एक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शुल्क में कटौती करने के लिए भारत को यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापार समझौते पूरे करने होंगे। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का हिस्सा बनाने के लिए केंद्र और राज्य, दोनों स्तरों पर विनियमन में ढील देने की जरूरत है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4157 अंक 307, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in